जागरण मोर्चा अब बरेली में मात्र 5/- में

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

सफलता के 5 वर्ष

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | www.jagranmorcha.com | जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 30 | शुक्रवार 13 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण दशमी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


# देश के किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल खत्म नहीं

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- घबराने की जरूरत नहीं

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की सप्लाई

> देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है। देशभर में करीब एक लाख पेट्रोल पंप काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश सरकारी तेल कंपनियों के हैं। किसी भी पंप पर तेल खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।
>
> - पेट्रोलियम मंत्रालय का बयान



को लेकर सरकार ने बड़ी राहत भरी जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता फिलहाल पूरी तरह सामान्य और आरामदायक स्थिति में है और किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है।

उन्होंने बताया कि भारत हर दिन लगभग 55 लाख बैरल कच्चे तेल का इस्तेमाल करता है और देश दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है। इसी वजह से पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों की उपलब्धता को लेकर सरकार को भरोसा है कि आम लोगों को किसी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। देशभर में करीब एक लाख पेट्रोल पंप काम कर रहे हैं और इनमें से अधिकांश सरकारी तेल कंपनियों के हैं। मंत्रालय के मुताबिक किसी भी पंप पर ड्राई आउट यानी तेल खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।

एलपीजी को लेकर भी सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। 9 मार्च को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी कर सभी रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद घरेलू उत्पादन बढ़कर 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पहले करीब 25 प्रतिशत था। सरकार का कहना है कि इससे घरेलू गैस की उपलब्धता और बेहतर होगी। सुजाता शर्मा ने यह भी बताया कि भारत अपनी एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से करीब 90 प्रतिशत सप्लाई होर्मुज जलडमरूमध्य से आती है। मौजूदा हालात को देखते हुए यह चुनौतीपूर्ण स्थिति जरूर है, लेकिन सरकार लगातार कोशिश कर रही है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई प्रभावित न हो।

### 'देश में रोजाना करीब 50 लाख एलपीजी सिलिंडर की डिलीवरी'

उन्होंने कहा कि देश में रोजाना करीब 50 लाख एलपीजी सिलिंडर की डिलीवरी की जाती है। हालांकि हाल के दिनों में घबराहट के कारण सिलेंडर बुकिंग में अचानक काफी बढ़ोतरी देखी गई है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराकर अतिरिक्त बुकिंग न करें, क्योंकि फिलहाल सप्लाई में कोई कमी नहीं है।

## बजट सत्र : राज्यसभा में हरभजन सिंह बोले- सोशल मीडिया की अश्लीलता से किशोरों का भविष्य खतरे में

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर उपलब्ध अश्लील सामग्री, पोर्नोग्राफी को बच्चों के लिए खतरनाक एवं नुकसानदेह बताते हुए राज्यसभा में बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी के सदस्य हरभजन सिंह ने कहा कि बच्चों को बेहतर एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए इस पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। शून्यकाल के दौरान आम आदमी पार्टी के हरभजन सिंह ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि सोशल मीडिया बहुत कुछ सिखाता है और संकट के समय उपयोगी भी होता है लेकिन दुख की बात यह है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री, पोर्नोग्राफी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग जरूर करते हैं और विभिन्न शोध बताते हैं कि बच्चे सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री, पोर्नोग्राफी देखते हैं। सिंह ने कहा "इसमें कोई दो राय नहीं है कि इससे नैतिकता का पतन होता है। 13-14 साल का बच्चा जो सीखने की उम्र में है, उसके अंदर जिज्ञासा चरम पर है और अगर वह सोशल मीडिया पर सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री, पोर्नोग्राफी देखता है तो उसके मन में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना कैसे जाग सकती है। वह तो उन्हें उपभोग की वस्तु समझेगा।"

# व्हाट्सएप लाया 'पेरेंट-मैनेज्ड अकाउंट्स'

## 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए प्राइवेसी होगी और सख्त, अभिभावकों का होगा कंट्रोल



**एजेंसी समाचार**

**दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले संदेश मंच व्हाट्सएप ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अभिभावक नियंत्रित खाते शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत अभिभावकों की कड़ी निगरानी में छोटे बच्चों को इस मंच का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम संदेश मंच की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि अब तक इस मंच के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा 13 वर्ष (कुछ क्षेत्रों में इससे अधिक) रखी गई थी।

व्हाट्सएप ने अपने 'ब्लॉग' में कहा, " परिवारों व विशेषज्ञों से मिले सुझावों के आधार पर अभिभावक-नियंत्रित खातों की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत माता-पिता या अभिभावक छोटे बच्चों के लिए व्हाट्सएप खाता बना सकेंगे और उनके उपयोग को केवल संदेश भेजने तथा कॉल करने तक सीमित कर सकेंगे।"

कंपनी के अनुसार, अभिभावक बच्चों की संपर्क सूची नियंत्रित कर सकेंगे। हालांकि संदेशों की सामग्री 'एंड टू एंड एन्क्रिप्शन' से सुरक्षित रहेगी। नई नियंत्रण व्यवस्था और अन्य 'सेटिंग' को अभिभावक 'पिन' के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा और केवल माता-पिता ही गोपनीयता संबंधी 'सेटिंग' को देख या बदल सकेंगे। कंपनी ने बताया कि यह सुविधा फिलहाल चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है।

## फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग को लेकर भाजपा-कांग्रेस में नोक झोक

**एजेंसी समाचार**

**दिल्ली।** जम्मू -कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात जानलेवा हमले के मुद्दे पर गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के बीच तीखी नोक झोंक हुई और सरकार की ओर से सदन को आश्वस्त किया गया कि इस घटना की व्यापक जांच कराई जाएगी तथा उनकी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। सदन में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शून्य काल शुरू होने से पहले यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि जम्मू -कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था खत्म हो गई है और वहां लोगों के लिए खतरे का माहौल है।



उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था अब केंद्र तथा सीधे गृह मंत्रालय के हाथ में है लेकिन वहां प्रमुख लोगों की जान को खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हमले के लिए सीधे-सीधे केंद्र सरकार जिम्मेदार है। खरगे ने सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को जम्मू -कश्मीर के राज्य के दर्जे से जोड़ते हुए कहा कि जब तक वहां राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया जाएगा कश्मीर सुरक्षित नहीं होगा।

उनकी बातों का भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोक झोंक हुई। सदन के नेता और वरिष्ठ मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि डॉ अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला चिंता का गंभीर विषय है और सरकार इसे पूरी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने सरकार की ओर से सदन को आश्वस्त किया कि इस घटना की व्यापक जांच की जाएगी और दोषी से पूछताछ में उसके मंसूबों की जानकारी ली जाएगी।

# लोकसभा में बोले मंत्री हरदीप सिंह पुरी- एलपीजी का उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल और केरोसिन की कोई कमी नहीं है, एलपीजी उत्पादन में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और सरकार की प्राथमिकता है कि देश में करोड़ों परिवारों की रसोई में खाना पकाने के लिए गैस की कमी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर अफवाह नहीं फैलाई जानी चाहिए।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरुमध्य में बनी प्रतिकूल स्थिति का जिक्र करते हुए पुरी ने लोकसभा में कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई भूमिका नहीं होने के बावजूद भारत को इसके परिणामों से पार पाना होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के बाद पुरी ने कहा, "दुनिया ने ऐसा संकट, ऊर्जा के इतिहास में कभी नहीं देखा। होर्मुज जलडमरूमध्य से 20 प्रतिशत कच्चा तेल की आपूर्ति होती है। इतिहास में पहली बार वाणिज्यिक पोत परिवहन के



लिए होर्मुज को प्रभावी रूप से बंद कर दिया गया है।"

उन्होंने देश में एलपीजी सिलेंडर की कमी से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा, "पिछले पांच दिन में एलपीजी उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ा है। मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, खासकर गरीबों और वंचितों की रसोई को (एलपीजी की) किसी कमी का सामना नहीं करना पड़े।" पुरी ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर के मांग प्रबंधन उपाय के तौर पर शहरों में 25 दिन के न्यूनतम अंतराल पर बुकिंग की जा सकती है, वहीं ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों में 45 दिन के बाद सिलेंडर की बुकिंग की जा सकती है।

उन्होंने कहा, "भारत को कच्चा तेल की आपूर्ति सुरक्षित है। 45 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज से आता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उत्कृष्ट कूटनीतिक पहुंच के कारण भारत ने इस अवधि में जो कच्चा तेल प्राप्त किया, वह संकटग्रस्त होर्मुज से ऐसे समय में आपूर्ति हो सकने वाली मात्रा से अधिक है।" पुरी ने कहा, "देश में रिफाइनरी उच्च क्षमता के साथ काम कर रही हैं। कई मामलों में तो शत-प्रतिशत से अधिक काम कर रही हैं। देश में पेट्राल, डीजल, एटीएफ (विमान का ईंधन), केरोसिन की कमी नहीं है। खुदरा विक्रेता के पास भंडार है और इन उत्पादों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य तरीके से काम कर रही हैं।"

पुरी ने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग से डिलीवरी का मानक समय ढाई दिन बना हुआ है जो बदला नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों में निर्बाध आपूर्ति प्राथमिकता के साथ की जा रही है।

### किसानों का इंतजार खत्म !

## प्रधानमंत्री जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना की 22वीं किस्त जारी




करेंगे। इस अवसर को पूरे देश में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यूपी सरकार ने इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

शासनादेश के अनुसार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in पर होगा। प्रदेश के सभी जिलों, विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में किसानों को इस कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जोड़ने के लिए आयोजन किए जाएंगे। इसके लिए कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्रों और जिला प्रशासन को समन्वय के साथ व्यवस्थाएं करने को कहा गया है।

कार्यक्रमों में केंद्रीय व राज्य मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, ग्राम प्रधानों और प्रगतिशील किसानों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गांव स्तर के कर्मचारियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने और किसानों को डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देने को कहा गया है।

### संसद सत्र : लोकसभा में किरेन रिजिजू बोले-

## एलपीजी मुद्दे पर विशेष अनुमति के बावजूद विषय से भटक गए राहुल गांधी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में लोकसभा में तीखी बहस और हंगामा देखने को मिल रहा है। संसदीय कार्य मंत्री



किरेन रिजिजू ने गुरुवार को सदन में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कथित कमी के मुद्दे पर विशेष अनुमति देकर उन्हें बोलने का मौका दिया था, लेकिन उन्होंने विषय से हटकर अन्य मुद्दों पर बात की।

किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा, "संसद में हमने राहुल गांधी से पूछा कि वे इस मुद्दे (एलपीजी सिलेंडर) को किस समय उठाना चाहते हैं। उस समय लोकसभा में अन्य विषयों पर चर्चा चल रही थी। हमने फिर कहा कि यदि स्पीकर विशेष अनुमति देंगे तो सरकार जवाब देने के लिए तैयार है। पेट्रोलियम मंत्री तुरंत इस विषय पर बयान देने के लिए तैयार हुए और राहुल गांधी को विशेष अनुमति दी गई। आप यह याद रखिए कि यह अनुमति किसी और को नहीं, बल्कि केवल लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दी गई थी। उन्हें शाम चार बजे इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति दी गई।"

उन्होंने आगे कहा, "जब राहुल गांधी को बोलने का अवसर मिला, तो उन्होंने एलपीजी के मुद्दे पर बात करने के बजाय अन्य विषय से जुड़े विषयों पर बोलना शुरू कर दिया। स्पीकर ने उनसे आग्रह किया कि उन्हें विशेष अनुमति केवल एलपीजी के मुद्दे पर बोलने के लिए दी गई है, वह भी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर। सामान्यतः ऐसी अलग से अनुमति नहीं दी जाती, फिर भी उन्हें दी गई। इसके बावजूद, उन्होंने नोटिस में उल्लेखित विषयों के अलावा अन्य मुद्दों जैसे अमेरिका और सप्लाई से जुड़ी बातें उठानी शुरू कर दीं। यह बहुत दुख की बात है।"

रिजिजू ने कहा, "हमने फिर खड़े होकर विरोध किया और उनसे कहा कि राहुल गांधी, कृपया विषय पर बोलिए। सरकार की ओर से भी उनसे अनुरोध किया गया और स्पीकर ने भी बार-बार कहा कि जिस विषय पर नोटिस दिया गया है, उसी पर बोलें, लेकिन उन्होंने उस विषय पर बात नहीं की।"

## तत्काल टिकट बुकिंग का मामला : कोर्ट ने रेलवे बोर्ड को फटकारा

**एजेंसी समाचार**

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को रेलवे बोर्ड को फटकार लगाई। अदालत ने बोर्ड को कई महीनों का समय दिया लेकिन बोर्ड ने अभी तक इस सवाल का जवाब नहीं दिया है कि तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है या नहीं।

मुख्य न्यायाधीश सौमेन सेन और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वी एम की पीठ ने बोर्ड के वकील द्वारा इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का और समय मांगे जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने कहा, "इतने सरल मुद्दे पर आप इतना समय ले रहे हैं। कई महीनों का समय दिए जाने के बावजूद आपने कोई जवाब नहीं दिया है। यदि आप जवाब देने में असमर्थ हैं, तो हम इस मुद्दे पर फैसला कर सकते हैं।" अदालत ने मामले को तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया और यह स्पष्ट किया कि बोर्ड को उस अवधि के भीतर अपना जवाब दाखिल करना होगा।

### अविश्वास प्रस्ताव पर बोले ओम बिरला

## हमेशा निष्पक्षता का प्रयास, किसी को नियम से परे जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने निष्पक्षता और नियमों के अनुरूप सदन की कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया है तथा किसी भी सदस्य को नियमों से परे जाकर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। बिरला ने विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ लाए गए संकल्प को सदन द्वारा अस्वीकार किए जाने पर सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह पूरी निष्ठा और संवैधानिक मयार्दा के साथ जिम्मेदारी निभाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा, "सदन द्वारा मुझ पर व्यक्त किए गए विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं, इस विश्वास को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मयार्दा के साथ निभाऊंगा।" बिरला ने कहा कि उनके खिलाफ लाए गए संकल्प पर सदन में पिछले दो दिन में हुई चर्चा में "कुछ सदस्यों का मानना था कि नेता प्रतिपक्ष सदन से ऊपर हैं और किसी भी विषय पर बोल सकते हैं, लेकिन ऐसा विशेषाधिकार किसी को नहीं है और सभी को नियम के अनुसार ही



बोलने का अधिकार है। ये नियम सदन ने ही बनाए हैं और मुझे विरासत में मिले हैं।"

बिरला ने कहा, "चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने नेता प्रतिपक्ष को बोलने से रोकने की बात की। सदन के नेता हों या प्रतिपक्ष के नेता या कोई मंत्री, सभी को नियमों के तहत और प्रक्रिया के तहत बोलने का अधिकार है।" लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री और मंत्रियों को भी वक्तव्य देने के लिए अध्यक्ष से अनुमति लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा, "मैंने हमेशा यह प्रयास किया है कि लोकसभा में प्रत्येक सदस्य नियमों के अनुसार अपने विचार रखें, इसके लिए सभी को समय देने का प्रयास किया है।"

बिरला ने कहा, "मैंने हमेशा यह प्रयास किया कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के साथ संचालित हो।" उन्होंने यह भी कहा, "मैंने अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करते हुए अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिए जाने के साथ ही लोकसभा की कार्यवाही के संचालन से खुद को अलग कर लिया।"

उन्होंने आसन द्वारा विपक्षी सदस्यों के बोलते समय माइक बंद किए जाने के आरोपों पर कहा, "अध्यक्ष के पास माइक ऑन करने या बंद करने का अधिकार नहीं है। विपक्ष के जो नेता पीठासीन सभापति होते हैं उनको इस बारे में पता है।" बिरला गत 10 फरवरी को विपक्ष द्वारा अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस सौंपे जाने के बाद से आज पहली बार सदन की कार्यवाही का संचालन कर रहे थे।

# 53 केंद्रो पर परीक्षा देंगे अभ्यर्थी, सीसीटीवी से होगी निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** 12 मार्च मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद बरेली मंडल में होने वाली उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को पूरी तरह नकल विहीन, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में बरेली समेत चार जिलों के 53 केंद्रों पर 73,920 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर बरेली रेंज के डीआईजी अजय साहनी ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को सख्त निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी, अव्यवस्था या अवैध गतिविधि किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साल्वरों पर पुलिस की सीधी नजर रहेगी। साल्वर पकड़े जाने पर सीधे एफआईआर होगी और उन्हें जेल भेजा जायेगा। डीआईजी अजय साहनी ने कहा कि उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर हर केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास संवेदनशील इलाकों की पहले से पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। डीआईजी ने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के आवागमन में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए रेलवे और रोडवेज अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था और सुरक्षा का भी आकलन करने को कहा गया है।

### बरेली में 19 केंद्र, 950 कैमरों की निगरानी

बरेली जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां दो दिनों में 32,640 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी–पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 8,160 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे और एक केंद्र पर लगभग 480 परीक्षार्थियों की व्यवस्था की गई है। परीक्षा की निगरानी के लिए 950 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा 450 पुलिसकर्मियों के साथ 836 शिक्षक और कर्मचारी परीक्षा संचालन में लगाए गए हैं।

### बायोमेट्रिक एंट्री, मेटल डिटेक्टर और कंट्रोल रूम

परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए तकनीकी निगरानी को भी मजबूत किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक एंट्री सिस्टम लागू किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर से जांच होगी और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन या स्मार्ट डिवाइस पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। हर परीक्षा केंद्र पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जबकि जिला स्तर पर पुलिस लाइन और ट्रेजरी में बने स्ट्रांग रूम में भी कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। इसके अलावा एलआईयू (स्थानीय खुफिया इकाई) और साइबर टीम सोशल मीडिया की निगरानी करेगी ताकि पेपर लीक या अफवाह जैसी गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

### चारों जिलों में 73,920 अभ्यर्थी

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित इस परीक्षा में बरेली मंडल के चार जिलों–बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में कुल 53 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**बरे ली:**19 केंद्र, 32,640 अभ्यर्थी
**शाहजहांपु र:**13 केंद्र, 18,240 अभ्यर्थी
**बदायू ं:**15 केंद्र, 17,280 अभ्यर्थी
**पीलीभीत:** 6 केंद्र, 5,760 अभ्यर्थी

### होटल और परिवहन पर भी प्रशासन की पैनी नजर

परीक्षा में बड़ी संख्या में बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को देखते हुए प्रशासन ने होटल और लॉज संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। यदि किसी होटल में अधिक वसूली या अभ्यर्थियों से अनुचित व्यवहार की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही रेलवे और रोडवेज अधिकारियों से समन्वय कर परीक्षा के दिनों में अभ्यर्थियों के आवागमन को सुचारु रखने की व्यवस्था की जा रही है।

### केंद्रों पर सीओ-इंस्पेक्टर की निगरानी, भारी पुलिस बल तैनात

सुरक्षा व्यवस्था के तहत हर परीक्षा केंद्र की निगरानी एक क्षेत्राधिकारी (सीओ) और संबंधित थाना प्रभारी करेंगे। दो केंद्रों पर एक सीओ को जिम्मेदारी दी गई है। केंद्र के बाहर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जिसमें इंस्पेक्टर, महिला कांस्टेबल और अन्य पुलिसकर्मी शामिल होंगे।

# आरटीओ परिसर में दलालों के ठिकानों पर चला बुलडोजर

- हटाए गए अवै ध खोमचे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) परिसर के बाहर गुरुवार को प्रशासन की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। लंबे समय से दलालों के अड्डे बने अस्थायी खोमचों और ठिकानों पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर उन्हें हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान परिसर के आसपास मौजूद कई लोग मौके से हट गए और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

आरटीओ कार्यालय के बाहर लंबे समय से दलालों के सक्रिय होने की शिकायतें मिल रही थीं। आरोप था कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने और वाहनों की फिटनेस कराने के नाम पर लोगों से अतिरिक्त पैसे वसूले जा रहे थे। इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने परिसर के आसपास बने अस्थायी ठिकानों और खोमचों को हटाने की कार्रवाई कराई। प्रशासन की टीम ने आरटीओ परिसर के बाहर लगे अस्थायी खोमचे, टेबल और दलालों के बैठने के ठिकानों को बुलडोजर से हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों का कहना है कि परिसर के आसपास अनधिकृत रूप से लगाए गए इन ठिकानों की वजह से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

सूत्रों के मुताबिक, कुछ दलाल ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों से करीब 10 हजार रुपये तक वसूल रहे थे, जबकि इसकी सरकारी फीस लगभग 1350 रुपये है। वहीं वाहनों की फिटनेस कराने के नाम पर भी अतिरिक्त पैसे लिए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं। इससे आरटीओ कार्यालय आने वाले लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने साफ कर दिया कि आरटीओ परिसर के आसपास किसी भी तरह के दलालों के ठिकाने बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। लोगों से अपील की गई है कि वे अपने काम सीधे कार्यालय के माध्यम से कराएं और किसी भी तरह की अवैध वसूली की शिकायत तुरंत प्रशासन को दें।

एआरटीओ पीके सरोज ने बताया कि आरटीओ परिसर में दलालों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। प्रशासन की कार्रवाई के बाद अब परिसर और आसपास दलालों को किसी भी हालत में जगह नहीं दी जाएगी। साथ ही आम लोगों के काम पारदर्शी और नियमों के अनुसार कराए जाएंगे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले निगम का डंडा
## कोतवाली से कुतुबखाना तक हटाया अतिक्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ फिर सख्ती शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को निगम की टीम ने कोतवाली से कुतुबखाना तक अभियान चलाकर सड़क किनारे लगाए गए ठेले-खोमचे और दुकानों के बाहर रखा सामान हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने विरोध भी जताया और टीम से नोकझोंक हुई, लेकिन निगम कर्मियों ने सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमण हटवा दिया। मौके पर जुर्माना भी वसूला गया।

नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम सुबह बाजार क्षेत्र में पहुंची और कोतवाली से कुतुबखाना तक सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। टीम को देखते ही कई दुकानदारों ने जल्दबाजी में अपना सामान समेट लिया, जबकि कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया। निगम कर्मियों ने दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाकर सड़क को खाली कराया, जिससे रास्ता सुचारु हो सके। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जल्द ही शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम आने वाली है। सर्वे के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ बाजारों में सड़क किनारे हुए अतिक्रमण का भी निरीक्षण किया जाएगा। इसी को देखते हुए निगम ने होली के बाद फिर से अभियान तेज कर दिया है। कोतवाली से कुतुबखाना तक का इलाका शहर के व्यस्त बाजारों में शामिल है, जहां सड़क किनारे सामान रखने से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।

अभियान के दौरान कई स्थानों पर व्यापारियों और नगर निगम टीम के बीच नोकझोंक भी हुई, लेकिन टीम ने कार्रवाई जारी रखी। निगम कर्मियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा सड़क पर सामान रखने पर सख्त कार्रवाई होगी। अभियान के दौरान करीब 10 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अलविदा आज, शाही जामा मस्जिद में 1:30 और रजा मस्जिद में 3:30 बजे अदा होगी नमाज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज आज शहर की छोटी-बड़ी मस्जिदों में अदा की जाएगी। इसके लिए सभी मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नमाज के समय का एलान भी कर दिया गया है। किला स्थित शाही जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज दोपहर 1:30 बजे अदा की जाएगी, जबकि सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में साढ़े तीन बजे नमाज होगी। प्रशासन और मस्जिद कमेटियों ने नमाजियों की सुविधा के लिए इंतजाम किए हैं।

आला हजरत दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शहर की अलग-अलग मस्जिदों में नमाज का समय अलग-अलग रखा गया है ताकि नमाजियों को आसानी रहे। दोपहर 12:45 बजे खानकाह वामिकिया, जसोली की पीराशाह मस्जिद, बालजती की गुरुड़ वाली मस्जिद, पशुपति बिहार मस्जिद, कैंट की हाथीखाना मस्जिद और लीची बाग की फैजाने मदीना मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। दोपहर एक बजे दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां बाजार संदल खान, आजमनगर की हरी मस्जिद, चौकी चौराहा वाली मस्जिद, कोतवाली की मोती मस्जिद, सिविल लाइंस की आवास विकास मस्जिद, सैलानी रजा चौक की बारादरी मस्जिद, कुतुबखाना की जहानी मस्जिद, बड़ा बाजार की हरी मस्जिद, मलूकपुर की लाल मस्जिद और शिया जामा मस्जिद में नमाज होगी। इसके बाद 1:15 बजे इज्जतनगर रोड नंबर एक की मुमताज मस्जिद और सुभाषनगर की साबरी मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी।

दोपहर 1:30 बजे दरगाह बशीर मियां, कचहरी वाली मस्जिद, कांकरटोला की छह मीनारा मस्जिद, मलूकपुर की मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद, स्वालेनगर की एक मीनार मस्जिद, स्टेडियम रोड शाहदाना मुस्तफाई मस्जिद, शाहबाद की मुन्ना तारकश मस्जिद, सिटी सब्जी मंडी रोड की मस्जिद मंसूरियान और बांस मंडी की अरबिया काशीफुल उलूम मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी।

# रंग-गुलाल और गीतों के बीच पूर्व सैनिकों का होलिका मिलन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और पूर्व सैनिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को लाल फाटक स्थित राघव बैंकट हॉल में पूर्व सैनिकों का होलिका मिलन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और उनके परिवार शामिल हुए। समारोह में रंग-गुलाल, गीत-संगीत और फूलों की होली के बीच सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर सतीश कुमार रहे।

उन्होंने दीप प्रज्वलित कर होलिका मिलन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कार्यक्रम का स्वागत किया।

समारोह में लगभग 200 पूर्व सैनिक और करीब 50 पूर्व सैनिक परिवार शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान होली के पारंपरिक गीत गाए गए और फूलों की होली खेलते हुए सभी ने जमकर नृत्य किया। माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया और सभी ने आपसी भाईचारे के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।

मुख्य अतिथि कमांडर सतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली ऐसा त्योहार है जो पुराने से पुराने मतभेदों को भी खत्म कर देता है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से अपील की कि वे किसी भी संगठन या विचारधारा से जुड़े हों, लेकिन समय आने पर सभी को एक मंच पर एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकजुटता ही पूर्व सैनिकों की सबसे बड़ी ताकत है और इसी से उनकी समस्याओं का समाधान संभव है।

इस अवसर पर संस्थाओं के संरक्षक आर.एल. पाठक, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष श्याम सिंह, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश मंत्री धनंजय शर्मा, बरेली के महासचिव प्रथमेश गुप्ता, संगठन मंत्री राधेश्याम, उपाध्यक्ष महाराज सिंह, महासचिव वंदन सिंह मौर्या, बाबूलाल और उमेश चंद्र शर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम में भाग लेकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष यसवीर सिंह ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और परिवारों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सामूहिक भोजन के साथ समारोह का समापन किया गया।

# सिलेंडर देर से आए या ज्यादा पैसे मांगे तो करें शिकायत

- पू र्ति विभाग ने जारी किया हे ल्पलाइन नंबर

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** एलपीजी गैस की आपूर्ति में देरी, डिलीवरी में लापरवाही और उपभोक्ताओं से तय कीमत से अधिक वसूली की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए जिला पूर्ति विभाग ने सख्त कदम उठाया है। उपभोक्ताओं की परेशानी दूर करने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जिस पर अब लोग सीधे शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

अक्सर देखने में आता है कि गैस एजेंसियों की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पाता। कई मामलों में बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को कई-कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर गैस एजेंसियों द्वारा निर्धारित कीमत से अधिक पैसे वसूलने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग ने 9456667774 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर पर एलपीजी गैस की बुकिंग, डिलीवरी में देरी, आपूर्ति में समस्या या अधिक कीमत वसूलने जैसी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। जिला पूर्ति विभाग के अनुसार यह हेल्पलाइन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में सक्रिय रहेगी। शिकायत दर्ज होते ही संबंधित मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विभाग का दावा है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा।

उपभोक्ताओं को राहत देने और गैस एजेंसियों की मनमानी पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह हेल्पलाइन शुरू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी एजेंसी की लापरवाही या ओवरचार्जिंग की शिकायत सही पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने जिले के सभी एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस आपूर्ति से जुड़ी किसी भी परेशानी को नजरअंदाज न करें। यदि कहीं भी ओवरचार्जिंग, देरी या अन्य समस्या सामने आए तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर समस्या का समाधान कराया जा सके।

**मनीष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी**

# पिल्ले को बचाने सुरंग में घुसा मासूम दो घंटे बाद जेसीबी से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पालतू कुत्ते के पिल्ले को बचाने की कोशिश में चार वर्षीय मासूम संकरी सुरंग में घुस गया और अंदर जाकर फंस गया। बच्चे के फंसने की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पहले खुद बच्चे को निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर जेसीबी मशीन से खुदाई कर करीब दो घंटे बाद मासूम को सकुशल बाहर निकाला गया। बच्चे के बाहर आते ही वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

नवाबगंज के बरखन निवासी संतोष परिवार के साथ पीलीभीत-बरेली बाईपास स्थित गरगईया निवासी शाकिर के गन्ने के कोल्हू पर काम करते हैं और वहीं रहते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक कुत्ता पाल रखा है, जिसके दो पिल्ले हैं। गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे एक पिल्ला कोल्हू के पास बनी खाली सुरंग में घुस गया। पिल्ले को निकालने के लिए संतोष का चार वर्षीय पुत्र बिपिन भी उसी सुरंग में घुस गया, लेकिन कुछ दूरी तक जाने के बाद वह अंदर फंस गया और बाहर नहीं निकल सका। बच्चे के फंसने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने फावड़ों से मिट्टी हटाकर बच्चे को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सुरंग संकरी होने के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद पीलीभीत-बरेली बाईपास के निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन को बुलाया गया। करीब दो घंटे तक लगातार खुदाई के बाद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान बच्चे के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल रहा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी और बचाव कार्य में सहयोग किया। बच्चे के सकुशल बाहर निकलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### हार्ट अटैक से पूर्व प्रधान की मौत, कोहराम

**धमोरा :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक छोटे से गांव में 10 साल रहे पूर्व प्रधान की अचानक हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। इस दौरान शहजादनगर थाना क्षेत्र के जश्मोली गांव के पूर्व प्रधान रहे अहमद रजा खा पेशे से एक ईंट भट्ठा संचालक थे। साथ ही गांव में समाज सेवा में भी आगे कदम बढ़ाए रखते थे। वह अपने ही गांव में पहले 10 साल पूर्व प्रधान रह चुके थे। अहमद राज खान को बीते दिन बुधवार की मध्य रात्रि अचानक हार्ट अटैक आ गया। जिसके बाद ग्रामीणों व परिजनों ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार में। कोहराम मच गया। किसी तरह ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। अहमद रजा खा अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ी है। उनकी मौत से परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

# शहर में 200 करोड़ रुपये से विकास कार्य

## वित्तीय वर्ष 2026-27 का पेश हुआ मूल बजट, सभासदों ने रखे प्रस्ताव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 नगर पालिका परिषद द्वारा 2 अरब 23 करोड़ रुपये से शहर में विकास कार्य होंगे। गुरुवार को पालिका के सभागार में हुई बैठक में प्रस्ताव पर मुहर लगी। सभी सभासदों ने एक सुर में कहा कि बजट पास है। इसके बाद सभासदों ने पालिकाध्यक्ष, ईओ के समक्ष समस्याओं को रखा। जिसमें दोनों ने गहनता से विचार विमर्श किया। ईओ, पालिकाध्यक्ष ने संबंधित को निर्देशित किया सभासदों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

दोपहर 12:30 बजे पालिका के सभागार में मौजूद सभासदों के पालिकाध्यक्ष, ईओ की मौजूदगी में हस्ताक्षर कराए। इसके बाद बैठक की प्रक्रिया आरंभ हुई। वार्ड नंबर 23 मुराद कलीम ने कहा कि पथ प्रकाश प्रभारी से कहा कि वार्ड में लाइट लगवाने की पालिकाध्यक्ष, ईओ की सहमति के बाद प्रस्ताव सौंपा था,लेकिन उसके बाद भी अभी तक स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर प्रभारी ने बजट का अभाव का तर्क दिया। इस पर उन्होंने आश्वासन दिलाया कि बजट आने पर लाइट लगवाई जाएगी। बोर्ड की बैठक करीब 1 घंटे तक आरंभ रही। इसके बाद 2 अरब, 23 करोड़ रुपये से विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत, स्टेनो विल्सन कुमार, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, सहायक अभियंता निर्माण उमेश बाबू, लेखाकार एजेंडा लिपिक रफत शेर खां, जलकल अभियंता मूलचंद पटेल, पथ प्रकाश प्रभारी अरुण कुमार, निरीक्षक संजीव कुमार, सफाई निरीक्षक अविनाश कुमार, द्वारिका नाथ, मुकेश आदि मौजूद रहे।



पालिका के सभागार में आयोजित बैठक में बोलते ईओ। -जागरण मोर्चा



बोर्ड की बैठक बोलते दिनेश कुमार उर्फ दिन्ने। -जागरण मोर्चा

### वर्कशाप लिपिक से हटाया जाए चार्ज

वार्ड नंबर 30 के सभासद सुमित कुमार ने बैठक में कहा कि राधा रोड स्थित जो वर्कशाप में तैनात अखलाक पर कई मुकदमे दर्ज है। जबकि वर्कशाप प्रभारी ने अखलाक को डीजल समेत अन्य चार्ज सौंप दिए है। सभासद ने आरोप लगाया कि अखलाक के रिशतेदार आईजीआरएस पोर्टल पर पालिका के अधिकारियों की शिकायत कर रहे हैं। इस पर पालिकाध्यक्ष, ईओ की छवि धूमिल हो रही है। अखलाक का कार्यकाल पूर्ण होने वाला है। इसलिए जब तक न्यायालय से बरी न हो जाए तब तक फंड नहीं दिया जाए।

### सभागार की मरम्मत का भी उठा मुद्दा

वार्ड नंबर 11 के सभासद श्वेता शर्मा ने कहा कि शहर में जब इतने करोड़ों रुपयों के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। 10 साल से लगातार देख रही हूं कि पालिका के सभागार की स्थिति काफी खराब है। जगह-जगह कपड़े और शामियाने लटक रहे हैं। जब से पालिका का निर्माण हुआ है तब से ही इन कुर्सियों की मरम्मत नहीं हो पाई है। साथ ही जो एयरकंडीशन लगे हुए है वह भी लंबे समय से खराब है। इसलिए सभागार की स्थिति सही कराई जाए।

### बैठक में यह रहे मौजूद

जिया उर रहमान, दिनेश कुमार दिन्ने, अजहर मियां, गुड्डू खां, फहीम अहमद, भूरा डमडम, मुराद कलीम, शाहवेज अंसारी, शादाब अली, सुमित कुमार, विनोद कश्यप सभासद मौजूद रहे।

# दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** अगर स्वार पुलिस पहले ही कार्रवाई कर देती तो उत्तराखंड में दोबारा झगड़ा नहीं होता। गांव मजरा हसन आरसल पारसल में ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने से क्षुब्ध युवक को दबंगों ने धारदार हथियार से प्रहार कर लहूलुहान कर डाला। घायल चार आरोपियों को नामजद कर बाजपुर पुलिस को तहरीर दी है।

इरफान अली पुत्र अल्लाह बख्श का आरोप है कि गांव की महिला प्रधान के देवर रऊफ, मरुफ, रेहान, तौसीफ व उनके सहयोगियों ने ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। पांच माह पूर्व उसने इस मामले की शिकायत स्थानीय अधिकारियों से की थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए भूमि से अवैध कब्जा हटवा दिया था। कब्जा हटने के बाद से ही आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। आरोपियो ने बुधवार को उसे गांव के रास्ते में रोककर मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। इरफान ने चारों आरोपियों को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। गुरुवार को कोतवाली में शिकायत करने से क्षुब्ध आरोपियों ने उत्तराखंड के बाजपुर स्थित दौराहे पर किसी काम से गए इरफान को घेर लिया।



घायल युवक इरफ़ान। -जागरण मोर्चा

धारदार हथियारों से हमला कर लहूलुहान कर डाला। आसपास के लोग आ गए तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। घायल को उपचार के लिए बाजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर किया है। तीनों आरोपियों को नामजद कर बाजपुर पुलिस को तहरीर दी है। गुरुवार को इरफान पर जानलेवा हमला होने के बाद स्वार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर शिक्षकों ने शुरू किया अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में एससी, एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राम बहादुर गौतम के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह के आवास मोहल्ला लक्ष्मी नगर ज्वाला नगर में शिक्षकों द्वारा प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, माता प्रसाद पांडेय नेता विपक्ष विधानसभा उत्तर प्रदेश के नाम पाती लिखी गई। जिसमें निवेदन किया कि टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता न्याय संगत नहीं है।



राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी दिखाते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

शिक्षकों को इससे मुक्त किया जाए। उन्हें सम्मान पूर्वक सेवा करने का अवसर दिया जाए। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से शिक्षकों पर पड़ने वाले प्रभावों को मुख्य रूप से नौकरी की सुरक्षा, पदोन्नति और मानसिक दबाव के रूप में देखा जा रहा है। 1 सितंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से स्थिति काफी बदल गई है। अनिवार्य योग्यता कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों के लिए अब यूपी टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। जिन शिक्षकों की सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक शेष है, उन्हें अगले 2 वर्षों के भीतर यह परीक्षा पास करनी होगी। यदि शिक्षक दी गई समय सीमा (2 वर्ष) में परीक्षा पास नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति या सेवा से बर्खास्तगी का सामना करना पड़ सकता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, बाबूराम दिवाकर, मुकेश कुमार, नरेश कुमार, ऋषि पाल सिंह, प्रेमचन्द, सर्वेश कुमारी, कविता किरन भारती, रेखा, अशोक कुमार, राजेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# पीएम किसान उत्सव दिवस पर 13 मार्च को होगा कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 13 मार्च 2026 को गुवाहाटी असम में आयोजित होने वाले पीएम किसान उत्सव में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त जारी किये जाने के कार्यक्रम के आयोजन हेतु जनपद स्तर, विकास खंड स्तर, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश निर्गत किए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने बताया कि जनपद में पीएम किसान उत्सव दिवस का वर्चुअल रूप से लाइव प्रसारण किया जाएगा। जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में, विकास खण्ड स्तर पर विकास खंड परिसर में तथा ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान एवं सम्मानित किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम अपराह्न 4 बजे से प्रारम्भ होगा, जबकि मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सायं 5 बजे से किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कम से कम 50 लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही पीएम किसान समृद्धि केंद्रों, सीएससी, कृषि मंडी तथा एफपीओ के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को कार्यक्रम से जोड़ने की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि किसान इस कार्यक्रम का लाभ प्राप्त कर सकें।

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी ने होली उत्सव धूमधाम से मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शगुन मंडप में होली उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शहर की सामाजिक हस्तियों और सोसाइटी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना रहीं, जिनका आयोजकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। होली के रंगों और खुशियों से सराबोर इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली उत्सव के अवसर पर समाज में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें वंदना सहगल, सुभी गुप्ता, शिवांगी कपूर, शीतू ग्रोवर, अंकिता सिंघल, लायंस क्लब लेओना ग्रेटर की अनुश्री अग्रवाल, नयना कक्कड़ गुप्ता, प्रीति खनेजा, सुमन जॉली और ऋचा अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संचालन शिप्रा गोयल ने बेहद शानदार और प्रभावशाली अंदाज में किया। जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और जीवंतता बनी रही। इस मौके पर सुमित अग्रवाल, एसके गुप्ता, डीडी जोली, नरेश सिंघल, दिलीप रस्तोगी, रमेश अग्रवाल, सोनिया गुप्ता, अलका जैन, रानी गुप्ता, नीता जैन, ऋचा अग्रवाल, सोनल अग्रवाल मौजूद रहे।



माला रोड स्थित शगुन मंडप में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते पदाधिकारी।

# हाईवे पर कार ने ईको में मारी टक्कर, दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर उस वक्त चीख पुकार मच गई। जब बरेली से मुरादाबाद की ओर जा रही ईको में एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ईको गाड़ी हाईवे पर पलट गई। इस दौरान ईको में सवार कई लोग हादसे के शिकार हो गए। हादसा थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित पसिया पुरा पुल पर सुबह 11 बजे का है। सतीश कुमार पुत्र कल्याण सिंह और जितेंद्र पुत्र जिया लाल बरेली जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के गोदिया गांव निवासी बरेली से एक ईको में सवार होकर मुरादाबाद की ओर जाने के लिए निकले थे। जिसके चलते जैसे ही ईको गाड़ी पसिया पुरा पुल के ऊपर पहुंची तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार इनोवा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ईको गाड़ी रोड़ पर पलट गई। हादसा होते ही घटनास्थल पर चीख पुकार मचने लगी। जिसके बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को पलटी गाड़ी से निकाला। जिसके चलते सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 के चालक प्रदीप कुमार और ईएमटी दीपक ने अपनी सतर्कता दिखाते हुए हादसे में घायल सतीश कुमार और जितेंद्र को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया।



एबुलेंस में बैठा घायल। -जागरण मोर्चा

बैठक

सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति पर अधिकारियों को चेतावनी

# जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों, आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर सी ग्रेड आने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। वहीं आवास योजना की समीक्षा में सी ग्रेड प्राप्त होने पर परियोजना निदेशक डीआरडीए को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लक्ष्य के अनुरूप कम प्रगति पाए जाने पर कार्यदायी संस्था सीएनडीएस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।

समीक्षा बैठक में उच्च अधिकारियों के स्थान पर प्रतिस्थानी अधिकारियों के प्रतिभाग करने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई तथा भविष्य में स्वयं अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सात दिवस के भीतर समस्त पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए फैमिली आईडी से लिंक किया जाए। जिलाधिकारी ने पुलिस आवास निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें संबंधित विभागों को हैंडओवर करने की कार्यवाही तय की जाए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान एडीओ पंचायत स्वार द्वारा आईजीआरएस प्रकरणों का सही ढंग से निस्तारण न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने तथा विभागीय कार्यवाही करते हुए शासन को पत्र निर्गत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना प्रकरण की समुचित जांच किए किसी भी शिकायत को स्पेशल क्लोज न किया जाए। स्पष्ट कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।शिकायतकर्ताओं को त्वरित और संतोषजनक समाधान मिल सके। बैठक में जिला वनाधिकारी प्रणव जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, प्रभारी अधिकारी अनुराग सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते डीएम। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी पिता ने थाने कर तहरीर देकर उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में युवक पर केस दर्ज कराया है।थाना क्षेत्र के मिलक गुलाम अली गांव निवासी विजय सिंहनी शाहबाद थाने पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि सैफनी थाना क्षेत्र अंतर्गत दिव्यानगला गांव निवासी अभिषेक उसकी 18 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। विजय के अनुसार उसकी बेटी ने कक्षा 6 तक पढ़ाई की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर युवक अभिषेक के विरुद्ध केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

### प्रमोद कुमार को पार्टी से किया निष्कासित

**रामपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशानुसार बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने प्रमोद कुमार एडवोकेट को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने, अनुशासनहीनता अपनाने के कारण में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पूर्व में कई बार में चेतावनी दी भी गई है। लेकिन इसके बाद भी इनकी गतिविधियों कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया। जिसकी वजह से पार्टी मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

# युवाओं के सपनों को मिली उड़ान: रामपुर में डीएम ने बांटे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के चेक

## बुटीक से लेकर मिट्टी के बर्तन निर्माण तक के लिए युवाओं को मिले लाखों के ऋण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत एक बड़ी पहल की गई है।

जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के कड़े निर्देशों और बैंकों की सक्रिय भागीदारी के परिणामस्वरूप कई पात्र युवाओं को अपना नया उद्यम शुरू करने के लिए लाखों रुपये के ऋण चेक सौंपे गए हैं। यह कदम युवाओं को नौकरी खोजने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में एक अहम प्रयास है। विगत दिनों हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने योजना के सुस्त पड़े आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए सभी बैंक प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश दिए थे कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी का परिणाम है कि आज



महिला को चेक देते डीएम। –जागरण मोर्चा

चयनित लाभार्थियों को तेजी से ऋण उपलब्ध कराया जा सका। इस पूरी प्रक्रिया में जिला प्रशासन के साथ-साथ यूपी ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विभागों और इन बैंकों के बेहतरीन आपसी समन्वय से ही पात्र युवाओं के बैंक खातों तक योजना का लाभ पहुंच सका है।

**इन लाभार्थियों को मिली स्वरोजगार की चाबी :** स्वरोजगार की इस मुहिम के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले युवाओं को आर्थिक मदद दी गई है। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में पनवड़िया निवासी अमरपाल को इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग सर्विस शुरू करने के लिए यूपी ग्रामीण बैंक पनवड़िया के माध्यम से 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह, लेडीज सूट निर्माण के लिए फिजाला खान को 5 लाख रुपये और बढ़पुरा शर्की निवासी नंदराम को मिट्टी के बर्तन निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा रामपुर के माध्यम से 1.55 लाख रुपये का ऋण दिया गया। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी मजबूत कदम उठाए गए हैं। सीता साहू को टेलरिंग कार्य के लिए 2 लाख रुपये तथा गौसिया जमाली को अपना नया बुटीक स्थापित करने के लिए इंडियन बैंक रामपुर के जरिए 3.50 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

### डीएम ने बढ़ाया युवाओं का हौसला

डीएम ने चेक सौंपते हुए सभी लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर अपने उद्यम को सफल बनाएं। जिलाधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि स्वरोजगार से व्यक्ति न केवल स्वयं आर्थिक रूप से मजबूत होता है, बल्कि वह कई अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के नए अवसर पैदा करता है। उनकी सफलता समाज के अन्य युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनेगी।इस दौरान उपायुक्त उद्योग एवं लीड बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।



नगर पालिका के जनगणना विभाग में खाली पड़ी कुर्सियां। –जागरण मोर्चा

# समय से ड्यूटी नहीं कर रहे पालिका कर्मी सभासदों ने नाराजगी जताते हुए की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद में तैनात कर्मचारी लेटलतीफी के कारण समय से ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण शहर की जनता और सभासदों में काफी नाराजगी है। इसको लेकर सभासदों ने पालिका के अधिकारियों से शिकायत भी की है।

सभासदों का आरोप है कि पालिका के कर्मचारी समय से ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। पालिका के जनगणना विभाग में तैनात कर्मचारियों की लापरवाही का आलम यह है कि जब इनके पास लेखाकार चार्ज था। तो यह समय से ड्यूटी करते थे। पिछले दिनों पालिकाध्यक्ष सना मामून ने कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र बदले है। तब से कर्मचारी ड्यूटी का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। मालूम हो कि तत्कालीन जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को छापेमारी के दौरान कई कर्मचारी गैरहाजिर, अनियमितता का भंडार मिल चुका है। इसके बाद भी कर्मचारी डयूटी करने में मनमानी कर रहे हैं। इसको लेकर सभासदों ने अधिशासी अधिकारी, पालिकाध्यक्ष से शिकायत कर चुके हैं साथ ही सभासदों में नाराजगी जाहिर है।

# सम्मान समारोह में निस्वी के बच्चों को मिली साइकिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकासखंड मिलक के उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्वी में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 में चयनित तीन छात्र,छात्राओं को दर्जा राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल व ब्लॉक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप सभी उत्तीर्ण बच्चों को रेंजर साइकिल व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने विद्यालय की स्वच्छता सहित सभी व्यवस्थाओं एवं विद्यालय के सफल संचालन से विद्यालय और बेसिक के बदलते स्वरूप के लिए समस्त विद्यालय स्टाफ की मेहनत की प्रशंसा की। ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी छात्रों को भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित



छात्रा को साइकिल भेंट करते दर्जा राज्य मंत्री व ब्लॉक प्रमुख। –जागरण मोर्चा

किया।आगामी वर्ष के लिए अभी से सभी को परिश्रम और लगन से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय की तुलना प्राइवेट विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों से की तथा किसी भी आवश्यकता पूर्ति के लिए प्रत्येक स्तर से सहयोग करने का आश्वासन दिया। समारोह में एनएम एम एस ई नोडल प्रभाकर गौतम ने विकास खंड के विगत वर्षों में शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।सभी एआरपी द्वारा भी विद्यालय स्टाफ के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन प्रिया शर्मा ने किया।अंत मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं आयोजक सत्येंद्र पांडेय ने सभी सफल विद्यार्थियों और परीक्षा की तैयारी में अपने प्रयासों पर विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में विकास खंड के ए आर पी रोहित शर्मा, सुशील गुप्ता, पृथ्वी सिंह, पंकज, सचिन पांडे, अवधेश पांडेय, तरुण पाण्डे, प्रियंका शर्मा, जसपाल सिंह, सत्य पाल सिंह, नेहा पांडे, प्रिया शर्मा, ज्योति गंगवार, अंकुर शुक्ला, योगेंद्र गंगवार, ग्राम प्रधान मोहर सिंह व अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। डायट के प्रवक्ता मनोज पांडे व पुष्पा भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# 114 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की तैयारियां शुरू, 1100 किसान करा चुके हैं पंजीकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गेहूं खरीद को लेकर अनुमोदन के बाद जनपद में 114 केंद्रों पर खरीद होगी। जिसमें खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ 33, पीसीयू 27, यूपीएसएस 15, नैफेड 18, मंडी समिति 4, एफसीआई के 2 केंद्र बनाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार केंद्रों पर फेरबदल 27 फरवरी को हुआ है। खरीद के लिए जनपद में 1100 से अधिक किसान पंजीकरण करा चुके हैं।

जनपद में गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू होगी। जोकि 15 जून तक आरंभ रहेगी। गेहूं विक्रय के 48 घंटे के भीतर भुगतान सीधे किसान के आधार से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीकरण या भुगतान से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए किसान टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर किसान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी से भी संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए किसानों को एक सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य है। गेहूं खरीद, भुगतान और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं इसी मोबाइल नंबर पर भेजी जाएंगी। किसान स्वयं एफसीएस यूपी पोर्टल पर जाकर या फिर जनसेवा केंद्र एवं साइबर कैफे के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जनपद में खरीद 17 मार्च से शुरू होगी।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने दिव्यांग को ट्राईसाइकिल की प्रदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान दिव्यांगजनों की समस्याओं को सुना। उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी दौरान जिलाधिकारी ने तहसील शाहबाद निवासी दिव्यांगजन अनश अली, कुलशुम तथा तहसील मिलक निवासी संजीव को ट्राई साइकिल प्रदान की।

जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता



डीएम ने दिव्यांगों को दी ट्राईसाइकिल। –जागरण मोर्चा

प्रदान की जा रही है।

ट्राईसाइकिल मिलने से दिव्यांग को अपने दैनिक कार्यों को करने में सुविधा होगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सभी पात्र दिव्यांग को चिन्हित कर उन्हें शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शाहबाद में महिला सफाई कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



शाहबाद नगर पंचायत कार्यालय में महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित करते मुजीब मियां। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शाहबाद नगर पंचायत कार्यालय में महिला सफाई मित्रों के लिए एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर शासन के निर्देशों के अनुसार लगाया गया था। शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच करना था, ताकि वे स्वस्थ रहें। यदि किसी परीक्षण में कोई बीमारी पाई जाती है, तो उसका शीघ्र अति शीघ्र इलाज सुनिश्चित किया जा सके।

स्वास्थ्य परीक्षण के बाद स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी मुजीब मियां ने नगर की सफाई व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशा व्यक्त की गई कि महिला सफाई मित्र भविष्य में भी नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी। इससे नगर पंचायत शाहबाद को आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# सीएचसी स्वार में प्रसव रजिस्टर में फर्जीवाड़ा

## जच्चा जूबी भर्ती और अंजुम डिस्चार्ज प्रभारी की भूमिका पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव रजिस्टर में बड़े फर्जीवाड़े का सनसनीखेज मामला सामने आया है। डेढ़ माह के शिशु को लेकर दो सगी बहनों के बीच विवाद कोतवाली पहुंचा तो सीएचसी में किए गंभीर अनियमितताओं की परतें खुलती चली गई। मामले में सीएचसी प्रभारी और स्टाफ की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जिला मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव फतहगंजउल्ला निवासी मोहसिन रजा की पत्नी जूबी कोतवाली पहुंची। आरोप लगाया कि जब वह करीब साढ़े आठ माह की गर्भवती थी। तब उसकी मां शाहजहां, बड़ी बहन अंजुम और बहनोई शहनावाज उसे अपने गांव चाऊपुरा मसवासी ले गए। 30 जनवरी को उसे सीएचसी स्वार




पुलिस द्वारा दंपत्ति को दिलाया गया उसका बच्चा। –जागरण मोर्चा

में भर्ती कराया गया, जहां उसने एक बेटे को जन्म दिया। जूबी के अनुसार प्रसव के बाद उसे और बच्चे को घर ले जाया गया। जहां उसकी बहन अंजुम ने उसे और नवजात को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया। पूछताछ के दौरान जो तथ्य सामने आए, उन्हें सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। बताया गया कि जूबी के पहले से तीन बच्चे हैं। जबकि उसकी बड़ी बहन अंजुम निःसंतान है। जूबी का खर्च भी अंजुम ही उठा रही थी। इसी कारण जूबी ने जन्मे बच्चे को बड़ी बहन को सौंप दिया था। लेकिन करीब डेढ़ माह बाद जूबी की नीयत बदल गई और वह बच्चा वापस मांगने लगी। इस पर पुलिस ने बच्चे को जूबी को सौंप दिया। मामले की पड़ताल में सीएचसी का प्रसव रजिस्टर भी खंगाला गया। जिसमें चौंकाने वाला फर्जीवाड़ा सामने आया। रजिस्टर में 30 जनवरी को जूबी को भर्ती दिखाया गया है, लेकिन प्रसव के बाद 31 जनवरी को डिस्चार्ज जूबी की जगह अंजुम को दिखा दिया गया। यानी भर्ती जूबी और दस्तावेजों में डिस्चार्ज अंजुम दर्ज है। प्रसव जैसे संवेदनशील मामले में इस तरह की हेराफेरी ने सीएचसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीएचसी में लंबे समय से अव्यवस्थाओं का बोलबाला है और सीएसी प्रभारी स्टाफ पर कोई नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं।इस पूरे प्रकरण में सीएचसी प्रभारी की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर बिना मिलीभगत के प्रसव रजिस्टर में इस तरह का बदलाव कैसे संभव हो गया। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अभी तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे लोगों में रोष बढ़ रहा है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में मुद्दों को लेकर हुई चर्चा



बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष एवं अन्य शिक्षक। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** गुरुवार को बीआरसी नेकपुर,ब्लाक भगतपुर-टाण्डा पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा. नीरज शर्मा द्वारा की गई।

जिला अध्यक्ष द्वारा ब्लॉक भगतपुर-टांडा की बैठक में संघ के बैनर तले शिक्षक हित में किये गये कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी। जिला मंत्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भी बैठक में अपने विचार रखे गये। बैठक में जिला संगठन मंत्री कुलदीप शर्मा, सुधीर कुमार, अनिल गिल, केपी, प्रणव पाठक, चन्द्रभान सिंह, छोटे सिंह, नवनीत विश्नोई, सुभाषचंद्र, शमीम बेग, सुदेश कुमार, सतीश शर्मा, पारुल जैन, मुकेश आनंद और सौरभ प्रसून आदि शिक्षक औजूद रहे। जिलाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बैठक का संचालन अनंत सिद्धू द्वारा किया गया।

# शाहबाद में सरकारी भूमि पर किए अस्थाई कब्जे पर गरजी जेसीबी



शाहबाद में सरकारी भूमि पर किए गए अस्थाई कब्जे को हटाती जेसीबी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद:** गुरुवार को शाहबाद के राजस्व विभाग ने भारी पुलिस बल के साथ तहसील के सामने स्थित तालाब की भूमि से अस्थाई कब्जा हटवाया।इस दौरान तालाब की भूमि पर बनी दीवार को जेसीबी की मदद से ढाह दिया गया।

कब्जा हटवाने के दौरान मकान स्वामी की पत्नी ने पुलिस प्रशासन से हल्की नोकझोंक भी की,लेकिन तहसीलदार अमित कुमार सिंह की मौजूदगी में जेसीबी ने सरकारी भूमि की जमीन पर बनी दीवार को गिराते हुए भूमि को खाली कराया। बताते चले कि कुछ दिनों पूर्व भी उस जमीन पर जेसीबी चलवाकर कब्जा हटवाया गया था। इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश कुमार, पुलिस उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, हल्का लेखपाल राजकुमार शर्मा, लेखपाल मनोज यादव समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

विरोध | 15 मार्च तक पोस्टकार्ड और ईमेल भेजकर आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करें

# टीईटी थोपे जाने के विरोध में शिक्षकों ने भेजे पोस्टकार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर बेसिक शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में गुरुवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया। ज्ञात हो कि 1 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया है।

शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में बनाए गए एक ऐसे नियम के आधार पर दिया गया है, जिसे उस समय सार्वजनिक नहीं किया गया था।शिक्षकों का कहना है कि जो शिक्षक जिस समय नियुक्त हुए हैं, उन पर उसी समय के नियम लागू होने चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा बैक डेट से नियम लागू करना शिक्षकों के साथ अन्याय है। इसी के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।प्रथम चरण में 15 मार्च तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश तथा मुख्यमंत्री को शिक्षकों की ओर से ई-मेल और पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र भेजे जा रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को बड़ी संख्या में शिक्षकों ने पोस्टकार्ड लिखकर उन्हें डाकघर के लेटर बॉक्स में डाला। महासंघ के संयोजक दिगपाल गंगवार ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे 15 मार्च तक पोस्टकार्ड और ई-मेल भेजकर आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करें।





पोस्टकार्ड दिखाते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

# मेडिकल संचालकों में आपस में झगड़ा, दोनों तरफ केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के ऊंचा गांव में मेडिकल स्टोर चलाने वाले दो संचालकों में हुई मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। खंदेली निवासी देशवीर ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका मेडिकल स्टोर ऊंचा गांव में है, वही पर गुजरेला निवासी अरिन सिंह भी मेडिकल स्टोर चला रहा है, उसका मेडिकल कम चलता है।

आरोप है कि वह देशवीर से कहता है कि तू अपना मेडिकल अपने गांव में ले जा वरना मैं तुझे जान से मार दूंगा। आरोप है कि उसके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ पर लाठी से जानलेवा हमला किया।व रवि कुमार और अमर सिंह ने उसको पकड़ लिया। और रवि कुमार ने प्रार्थी के ऊपर चाकू से हमला किया, जो पीड़ित के हाथ में लगा। तिजोरी में रखे 5 हजार रुपए भी निकालकर ले गए। पुलिस ने पीड़ित देशवीर की तहरीर पर लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

उधर अमर सिंह निवासी गुजरेला ने भी थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका मेडिकल भी ऊंचा गांव में है। अमर सिंह का आरोप है कि रंजिश के चलते 10 मार्च की शाम साढ़े 8 बजे देश वीर ने उसके व उसके भतीजे आर्यन को गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर केस दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

## एक नजर



### चोरी की दो मोटरसाइकिलों सहित तीन गिरफ्तार

टांडा : पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान के तहत चेकिंग और गश्त के दौरान सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को 2 चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है। जिनका आवश्यक कार्रवाई के बाद चालान कर दिया गया। पुलिस टीम को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रामपुर धम्मन से कोसी नदी जाने वाले रास्ते पर 3 संदिग्ध व्यक्ति 2 चोरी की मोटरसाइकिल लेकर खड़े हैं। सूचना पर तत्काल टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम तौफीक अहमद पुत्र बाबू, गुलशन कुमार उर्फ गोविंदा पुत्र बून्दीराम व हिमांशु पुत्र सोनू सिंह, निवासी ग्राम पीपलीनायक बताया।उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। पूछताछ में बताया कि ये मोटरसाइकिल चोरी की हैं, जो उन्होंने उत्तराखंड से खरीदी हैं। आज वे इन्हें बेचने जा रहे थे। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी और सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनका चालान कर दिया।

# ट्रिपिंग और घंटों की विद्युत कटौती से आमजन और खासकर बाजार हुए बेहाल : शैलेन्द्र

## पिछले कई महीनों से इसको आधार बनाकर विद्युत अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं

जागरण मोर्चा कार्यालय




नवाब गेट बिजली घर पर अधिशासी अभियंता (तकनीकी) अनुराग सिंह से वार्तालाप करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में डेलिगेशन ने नवाब गेट बिजली घर पहुंच कर अधिशासी अभियंता (तकनीकी) अनुराग सिंह से मुलाकात कर हो रही बिजली कटौती पर नाराजगी जताई और तत्काल सुधार की मांग की।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद से पिछले 15-20 दिन से कई कई घंटे प्रतिदिन कटौती की जा रही है जिससे लोग और व्यापारी बेहाल हैं। अभी होली का त्योहार गया है। नवरात्र और ईद आने वाली है। बाजारों के अंदर त्योहारों की खरीदारी चल रही है। आवागमन अधिक है। बिजली कटौती की वजह से अक्सर बाजारों के अंदर अंधेरा छाया है जिससे ग्राहक वापस चला जा रहे हैं। यही हाल दिन में है, दिन में गर्मी का पारा ज्यादा होने की वजह से दिन में भी विद्युत कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से इनवर्टर फेल हो गए हैं सबसे ज्यादा समस्या किला गेट, नवाब गेट, शाहबाद गेट,पहाड़ी गेट और डूंगरपुर बिजली घरों पर बनी हुई है। बिजली घरों के फोन बिजी रहते हैं। विशेष प्रयास पर पतंगबाजी और पेड़ों की छटाई कारण बताकर फोन काट दिया जाता है। पिछले कई महीनो से इसको आधार बनाकर विद्युत अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं। अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है अभी से यह स्थिति आने वाले समय में गंभीर असंतोष का कारण बनेगी इसके अंदर सुधार लाने की बहुत आवश्यकता है।अधिशासी अभियंता ने स्थिति का संज्ञान लिया और बताये गये क्षेत्रों को नोट किया, यकीन दिलाया कि बहुत जल्द विद्युत कटौती की समस्या ठीक हो जाएगी। इसके लिए हम बराबर काम कर रहे हैं ।नई व्यवस्था लागू होने के कारण अभी कुछ शुरुआती कठिनाई है गर्मी के सीज़न में दिक्कत न हो इसकी तैयारी की जा रही है फिर भी अधिकारियों की मीटिंग बुलाकर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करा दिया जाएगा। उन्होंने पतंग उड़ाने वालों से तार नहीं बांधने की अपील भी की, विशेषकर पहाड़ी गेट क्षेत्र में। इस दौरान शैलेंद्र शर्मा, शाहिद शमसी, शोएब मोहम्मद खां, इमरान, सलीम, हारिस शमसी,पुष्कर अग्रवाल, प्रदीप कुमार, बिलाल शम्सी, वाजिद अली, फैसल, हबीब, शाकेब अहमद, उजैर अहमद, राजू, मेम्बर शहाब आदि मौजूद रहे।

### बोले व्यापारी



वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद से पिछले 15-20 दिन से कई कई घंटे प्रतिदिन कटौती की जा रही है जिससे लोग और व्यापारी बेहाल हैं। बिजली कटौती की वजह से अक्सर बाजारों के अंदर अंधेरा छाया रहता है।

-शैलेंद्र शर्मा



दिन में गर्मी का पारा ज्यादा होने की वजह से दिन में भी विद्युत कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से इनवर्टर फेल हो रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

-नजमी खां



गुलफिजा को बधाई देते शिक्षक नेता। -जागरण मोर्चा

## गुलफ़िज़ा की सफलता पर बेसिक शिक्षा विभाग गदगद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** यूपीएससी परीक्षा में 535 वीं रैंक प्राप्त करने वाली गुल फिजा की सफलता पर बेसिक शिक्षा विभाग में खुशी की लहर है। विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

तहसील शाहबाद के मंजू खान की होनहार बेटी गुलफ़िज़ा ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 535 वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र, परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। गुलफिजा की प्रारम्भिक शिक्षा बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय पटवाई जो अब कम्पोज़िट स्कूल है, से हुई है। विद्यालय के शिक्षक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनन्द प्रकाश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के अभिलेखों के अनुसार गुल फिजा ने 15 जुलाई 2000 को कक्षा 1 में प्रवेश लिया था।20 मई 2005 को कक्षा 5 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उस समय के शिक्षकों में से उवैश हसन इस समय चमरौआ ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर में कार्यरत है शेष रिटायर हो चुके हैं।बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी एवं खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने गुलफ़िज़ा की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे विभाग के लिए गर्व का विषय बताया। विभाग की ओर से इस शानदार उपलब्धि पर एसआरजी प्रदीप भटनागर, शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी ज़फर बेग, ब्लॉक मंत्री मुहम्मद खालिद खान एवं राजीव ने गुल फ़िज़ा के घर जाकर उन्हें मुबारकबाद दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# किसानों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चा

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के दर्जनों पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कई सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में एसडीएम सदर को सौंपा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन से पहले कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग गरीब किसान मजदूर एवं छोटे व्यापारियों के परिवारों एवं उनकी जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहा है।

नोडल अधिकारी फर्जी अस्पतालों, लैब, अल्ट्रासाउंड और झोलाछाप डॉक्टर से पैसे लेकर इस गलत काम का अंजाम दिला रहे हैं। अल्ट्रासाउंड सेंटर पर डॉक्टर है नहीं। टेक्नीशियन अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं और रिपोर्ट भी अपने हस्ताक्षर के साथ रिपोर्ट दे रहे हैं। इसी तरह अस्पतालों की भरमार है रजिस्ट्रेशन तो है अस्पतालों का लेकिन जिनके नाम से रजिस्ट्रेशन है वह डॉक्टर कभी नहीं आते। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किसानों से कहा कि 24 अप्रैल को अपने-अपने क्षेत्र से अपने-अपने तहसीलों से फर्जी अस्पतालों को फर्जी अल्ट्रासाउंड की फर्जी लबों की सूची बना कर रामपुर पहुंचे। प्रदर्शन करने वालों में संतोष कुमार, सिकंदर, शकील अहमद, महफूज अहमद, महबूब अली, नवाब अली, तौफीक अली, मुराद खान, मक्खन सिंह चौहान, श्याम मोहन पांडे, पन्नालाल, शाकिर अली, राशिद अली, राजा अली आदि मौजूद रहे।

## साबरी खानकाह में कुरआन ए करीम मुकम्मल



साबरी खानकाह में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज, सामा की गई गुलपोशी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 21 तरावीह को डूंगरपुर स्थित साबरी खानकाह में कुरआन ए करीम मुकम्मल हुआ। जिसमें हाफिज मोहम्मद सालिक ने सुनाया। जबकि सामां के फराइज अब्दुर रहीम ने अदा किए। इस मौके पर रमजान की फजीलत भी बयान की गई। हाफिज ने कहा कि अल्लाह रमजान में इबादत का सवाब 70 गुना कर देता है इसलिए सभी मुसलमानों को चाहिए रमजान में अधिक से अधिक इबादत करें। आखिर में हाफिज और सामां की गुलपोशी की गई। मुल्क में अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को जनपद में 28,643 किशोरियों को लगाया जाएगा एचपीवी वैक्सीन

### पूर्ण हो चुका है जिला स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जनपद की 28,643 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा।

इस अभियान के तहत वे किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन अभी 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय रहते एचपीवी वैक्सीन लगवाकर इससे काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से जनपद में यह विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों को इस बीमारी से सुरक्षित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत किशोरियों को गार्डासिल-4 (क्वाड्रिवैलेंट 6, 11, 16, 18) एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है।अभियान की तैयारियों के संबंध में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण पूर्ण किया जा चुका है तथा ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण चल रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में यह अभियान शीघ्र ही जिला महिला चिकित्सालय, रामपुर से प्रारंभ किया जाएगा। इसके बाद अभियान को ब्लॉक स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर भी संचालित किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपनी पात्र किशोरियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित किया जा सके।

## मस्जिद हाजी हैदर अली खां में दूसरा कुरआन ए करीम मुकम्मल



घेर सैफुद्दीन खां स्थित मस्जिद हाजी हैदर अली खां में दूसरा कुरआन ए करीम मुकम्मल होने पर हाफिज, सामां की गई गुलपोशी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** घेर सैफुद्दीन खां स्थित मस्जिद हाजी हैदर अली खां में नमाज ए तरावीह के दौरान दूसरा कुरआन ए करीम मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद अब्दुल्ला ने पढ़ा। हाफिज मोहम्मद सालार ने सुना। इस मौके मस्जिद के इमाम ने दुआ की।

कहा कि रमजान में मस्जिदों में नमाजियों की तादाद बढ़ जाती है मेरे परवर दिगार इन सभी को सच्चा पक्का और पांच वक्त का नमाज़ी बना दे। ये भी कहा मस्जिद में आने वाले मासूम बच्चों पर सख्ती ना करें। क्योंकि वो आने वाले कल के नमाज़ी है उन्होंने कहा रमजान उल मुबारक का आखिरी अशरा चल रहा है अल्लाह से दुआ करें। जहन्नुम की आग से निजात अता फरमाए। मस्जिद के इमाम इस्लामुद्दीन खां, इमरान अली, आसिम खां, मोहिउद्दीन सैफी, मच्छन खां, आज़म खां, सोनू खां, रेहान जमीर खां, अतहर खां, कामिल खां, मुराद मियां, नदीम मियां आदि मौजूद रहे।

# चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव



खंड शिक्षा अधिकारी को बैज लगाते शोएब अहमद। -जागरण मोर्चा



होली के गीतों पर नृत्य प्रदर्शन करतीं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय वजीर नगर में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद उत्सव का आयोजन किया।खंड शिक्षा अधिकारी चमरौआ द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कक्षा एक और दो के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कक्षा 4 और 5 के बच्चों द्वारा विज्ञान के वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किये।

बालिकाओं द्वारा होलिया में उड़े रे गुलाल...... गाने पर लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। लड़कों ने देशभक्ति गीत पर रोल प्ले प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी चमरौआ मदन लाल वर्मा ए आर पी अरुण कुमार , विनीत श्रीवास्तव, नरेश कुमार, शोएब अहमद अंसारी, सुगंध सैनी, बलवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## समिति ने रिया जैन को किया सम्मानित



रिया जैन को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर के अनाज व्यापारी अनिल जैन की बेटी रिया जैन ने यूपीएससी परीक्षा पास की है। जिसके बाद से परिजनों में खुशी की लहर है उसी के चलते गुरुवार को वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह के नेतृत्व में काफी पदाधिकारी उनको शील्ड दी। उसके बाद परीक्षा पास करने की बधाई दी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, सुरजीत सिंह, मनजीत सिंह, नारायण सिंह, पवनदीप सिंह मौजूद रहे।

## सेवा, सुरक्षा और विकास के मूलमंत्र के साथ देश को समृद्ध व सशक्त कर रही भाजपा : शिव बहादुर

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने कहा कि सेवा, सुरक्षा और विकास के मूलमंत्र के साथ भाजपा देश को सशक्त व समृद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रयासों के बाद ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन सकी है, जिसका मुख्य कारण सिद्धांतों के साथ जनता के बीच कार्य करना है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने इस दायित्व को पूरी ईमानदारी से निभाता है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी दी। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के सैदनगर मंडल का प्रशिक्षण शिविर सुक्खन सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो जनता के बीच रहकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की कार्यप्रणाली अन्य दलों से अलग है, क्योंकि यहां संगठन और सिद्धांतों को सर्वोपरि माना जाता है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली शक्ति होते हैं और उनकी सक्रियता से ही पार्टी का विस्तार संभव होता है। प्रशिक्षण वर्ग में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को उनके संगठनात्मक दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बताया कि किस प्रकार बूथ स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। इस दौरान उन्होंने भाजपा के स्थापना काल से लेकर अब तक के सफर पर भी प्रकाश डाला और कहा कि पार्टी ने अपने सिद्धांतों और राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाएं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश, निर्देश सक्सेना, ओमवीर दिवाकर, महेन्द्र लोधी, केशव यादव, जगत सिंह, धर्म सिंह, पप्पू सैनी, गंगाराम प्रजापति, राम सिंह मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बिजली कर्मी की मौत

**जागरण मोर्चा कार्यालय, सैदनगर।** सैदनगर के गांव सरावा निवासी मुस्तफा अली बंजारिया बिजली घर पर संविदा कर्मी के रूप में लाइनमैन थे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे वह लालपुर की ओर जा रहे थे। सैदनगर चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें मुस्तफा अली की मौके पर ही मौत हो गई। मुस्तफा अली अपने पीछे तीन छोटे बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव और क्षेत्र में भी लगातार दो भाइयों की मौत को लेकर शोक और चर्चा का माहौल है।



मुस्तफा अली का फाइल फोटो।

# सिंचाई विभाग की जमीन से चार सागौन के पेड़ काटकर ले गए लकड़ी तस्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय



तस्करों द्वारा काटे गए सागौन के पेड़।

**स्वार:** क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला सिंचाई विभाग की आराजी से सामने आया है। जहां बुधवार रात अज्ञात तस्करों ने बेशकीमती सागौन के चार पेड़ों को काटकर वाहन में लाद लिया और मौके से फरार हो गए। पेड़ों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

नगर से सटे जालफनगला स्थितकोसी नदी बांध के किनारे बड़ी संख्या में सिंचाई विभाग की भूमि में वर्षो पुराने सागौन के बेशकीमती पेड़ बड़ी संख्या में है। बुधवार रात लकड़ी तस्कर वहां पहुंचे और योजनाबद्ध तरीके से चार बड़े सागौन के पेड़ों को काट लिया। तस्करों ने पेड़ों को काटने के बाद लकड़ी को छोटे छोटे हिस्सों में कर वाहन में लादा और मौके से फरार हो गए। रात के समय सुनसान होने के कारण किसी को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। गुरुवार सुबह जब आसपास के लोगों की नजर कटे हुए पेड़ों पर पड़ी तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन दरोगा कुलवीर सिंह मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। पेड़ों के कटे हुए ठूंठ और बिखरे अवशेष देखकर साफ अंदाजा लगाया जा रहा है कि तस्कर पूरी तैयारी के साथ आए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी लकड़ी तस्करी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लेकिन इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से तस्करों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वन दारोगा कुलवीर सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि काटे गए सागौन के चारों पेड़ सिंचाई विभाग की भूमि खड़े थे। जिसकी जानकारी सिचाई विभाग को दे दी गई है।

## एक नजर

### नाले की खुदाई का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बबराला।** बबराला विकासखंड के गांव पाठकपुर में जेसीबी से नाले की खुदाई करने पहुंची टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की आबादी के नजदीक खेत में गेहूं की फसल खड़ी है। जिससे उनकी गेहूं की फसल प्रभावित हो सकती है। खेत स्वामी की ओर से उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। गांव पाठकपुर में गुरुवार को एसडीओ प्रमोद कुमार व सचिव विवेक कुमार टीम के साथ जेसीबी लेकर नाले की खुदाई करवाए गए थे। 20 मीटर खुदाई एक ओर की गई, जब गेहूं के खेत के पास खुदाई शुरू की गई महिलाएं जेसीबी के सामने खड़ी हो गई। इसके बाद जेसीबी बिना खुदाई करे वापस चली गई।

### महिला के साथ मारपीट, तहरीर दी

**बबराला।** गांव जिजोड़ा डांडा में गुरुवार को महिला परवीन पत्नी यूनिस घरेलू सामान लेने पास की दुकान पर जा रही थी। तभी गांव के दो लोगों ने महिला के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। महिला गांव के दो लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# नगर पालिका जांच कमेटी गठित कर कराएं घटना की जांच

## सीकरी गेट में जलभराव से गुजरते समय हुई थी एक व्यक्ति की मौत, पालिका के ईओ से मिले व्यापारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका ईओ से वार्ता करता व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** सीकरी गेट सलीम की पुलिया पर जलभराव से गुजरते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जाग गया है।

गुरुवार को व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल नगर पालिका के ईओ से मिला। जिसमें कहा गया कि नाला निर्माण के चलते सीकरी गेट पर जलभराव वैकल्पिक व्यवस्था करके खत्म कराया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो। इसके लिए नगर पालिका द्वारा विशेष टीम का गठन किया जाए जो नाला निर्माण कार्य की निगरानी करें।

नई सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। इसके लिए नगर पालिका द्वारा विशेष प्रयास किए जाए। संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। इसके अलावा ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित हो। इसके लिए नगर पालिका की ओर से विशेष पैकेज की घोषणा की जाए। नगर पालिका द्वारा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष उपाया किए जाएं, जैसे कि नाला निर्माण के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाए। उक्त घटना की जांच को विशेष जांच कमेटी का गठन किया जाए। ताकि दोषियों को सजा दिलाई जा सके। नगर पालिका द्वारा लोगों को जागरुक किया जाए, ताकि वह अपने आसपास की समस्याओं के बारे में जानकारी दे सके। नगर पालिका द्वारा एक हेल्प लाइन नंबर जारी किया जाए, ताकि लोग अपनी समस्याओं की रिपोर्ट कर सके। नगर पालिका द्वारा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष योजना बनाई जाए। इस पर नर पालिका के ईओ ने व्यापारियों को आश्वासन दिया। इस अवसर पर युवा इकाई के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, शाह आलम मंसूरी, सागर गुप्ता, इरफान खान, असीम अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मोहित सक्सेना, सचिन शर्मा, अभय ठाकुर, अनिल गुप्ता, शिवांशु अग्रवाल, सचिन मिश्रा, लोकेश सोलंकी, उमेर शमसी, जुबेर कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# मकान में कूमल लगाकर एक लाख का सामान ले गए चोर



**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में बंद मकान में चोरों ने कूमल लगाकर एक लाख रुपये का माल साफ कर दिया। किसान परिवार के रिश्तेदार में गया था। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। गांव रीठ निवासी गुड्डो ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि दो दिन पहले वह परिवार के साथ होली मिलने को अपनी रिश्तेदारी में गई थी। गुरुवार की वापस आई तो मकान के पीछे दीवार में कूमल लगा था। मकान में जाकर देखा तो संदूक खुले और सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से एक जोड़ी चांदी की पाजेब, 10 हजार रुपये, 20 किलो मेंथा आयल, पांच क्विंटल गेहूं, उड़द, कपड़े आदि ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोर उसके घर से एक लाख का माल समेट ले गए।



मंदिर में हवन संपन्न कराते पुजारी। -जागरण मोर्चा

# भगवान कल्कि की मूर्ति की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** प्राचीन हनुमान मंदिर में भगवान कल्कि की प्रतिमा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को फूलों व अन्य सजावटी सामानों से सजाया गया। पुजारी ने विधि विधान से हवन संपन्न कराया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

एसएम इंटर कालेज के सामने प्राचीन हनुमान मंदिर में एक वर्ष पहले भगवान कल्कि की मूर्ति की स्थापना कराई गई थी। एक पूर्ण होने पर मूर्ति का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मंदिर को फूलों सहित अन्य सामान से सुंदर तरीके से सजाया गया। मंदिर में पुजारी ने हवन संपन्न कराया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में भगवान कल्कि के जयकारे लगाए गए। इस अवसर पर विनय राज, युवराज उर्फ शिवा, प्रदीप कौशल, विपिन कुमार मिश्रा, बृजेंद्र शर्मा, नीलेश शर्मा, राकेश शर्मा, लोकेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिला सफाई मित्र का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका परिषद में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करतें चिकित्सक।

**चन्दौसी।** नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत महिला सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीएचसी प्रभारी डा. हरविंदर सिंह ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवा वितरित की गई।

ईओ धर्मराज राम ने सभी को आत्मनिर्भरता व स्वच्छता के प्रति जागरुक किया तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। कहा कि यह विशेष दिन महिलाओं की आर्थिक सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, विकास और जेंडर इक्वलिटी के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए समर्पित है। साथ ही महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा व सम्मान देना, सशक्तिकरण के प्रति समाज को प्रेरित करना। महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य है। महिलाओं को उनके अधिकार हेल्पलाइन नंबर तथा सुरक्षा के विभिन्न उपायों के बारे में सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका, सुनील कुमार, करन सिंह, लवित वार्ष्णेय सहित महिला सफाई मित्र मौजूद रहीं।

# कार की टक्कर से मजदूर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिव कुमार उर्फ सब्बू।

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर गांव रसूलपुर कैली के पास कार ने ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के सीकरी गेट निवासी शिव कुमार उर्फ शिब्बू 27 वर्ष पुत्र किशन लाल अपने पड़ोसी साथी सुजीत पुत्र राकेश के साथ ई-रिक्शा से रसूलपुर कैली लिंटर डालने वाली मशीन लेने जा रहे थे। गुरुवार की शाम 4 बजे जब ई-रिक्शा बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित गांव रसूलपुर कैली के पास पहुंचा तो सामने से आ रही कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंची। जहां शिव कुमार की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल शिव कुमार को उपचार के लिए दिल्ली ले जा रहे थे। रास्ते में शिव कुमार ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां कमला देवी व पत्नी राधा का रो-रोकर बुरा हाल बना था। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।

# छात्राओं को दिया जा रहा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेतीं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत छात्राओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संभल व गुन्नौर में छात्राओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। ताकि छात्राओं विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर सामना कर सके।

ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार, तंजीम हादी, रेखा, पूर्वी ने छात्राओं को फ्रंट किक, साइड किक, बैक किक, फिंगर अटैक व टू हैंड सेल्फ डिफेंस का अभ्यास कराया। इसके अलावा छात्राओं को योगाभ्यास में शीर्षासन, वकासन, चक्रासन, वृक्षासन का भी अभ्यास कराया गया। ताइक्वांडो प्रशिक्षक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं के लिए ये मुहिम मील का पत्थर साबित होगी। ताइक्वांडो कोच ब्लैक बेल्ट धारक रेखा ने बताया कि हर माता-पिता को अपनी बेटी मार्शल आर्ट सिखाना चाहिए। जिससे आत्मरक्षा के गुर के साथ-साथ बालिकाओं के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

# किसानों ने बड़ी तादात में वाहनों के साथ निकाली रैली

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप समस्या के समाधान की मांग की



तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा



मालगोदाम रोड पर प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनिट संघर्ष की ओर से किसान रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया। बहजोई रोड स्थिति सिम्स कालेस से आरंभ हुई। जिसमें भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर, जीप, कार व बाइकों पर सवार थे। किसान रैली बहजोई रोड, शक्ति नगर, स्टेशन रोड, मुखर्जी चौक, मालगोदाम, कब्रिस्तान रेलवे फाटक, बदायूं चुंगी होते हुए तहसील पहुंची।

रैली में किसान नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। तहसील पहुंच किसानों ने तहसील गेट पर एसडीएम आशुतोष तिवारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि किसानों के आलू की फसल का मूल्य 2 हजार रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। मंडी समिति में सब्जी के किसान के लिए फिरोजन के स्टोर की व्यवस्था कराई जाए। किसानों को गन्ने का भुगतान 15 दिन के भीतर किया जाए। कीटनाशक दवाई दुकानों पर नकली मिलरही है, उस पर रोक लगाई जाए। अंश निर्धारण सही तरीके से किया जाए। अवैध खनन पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में रजत यादव, सौरभ शर्मा, अजय सैनी, ऋषभ, अभिनव कुमार, राजेश यादव, जगदीश, श्रीपाल, बुद्ध सैन, रामबाबू, ब्रजवासी, जीशान, कपिल देव, नदीम, शाहरुख खान आदि मौजूद रहे।

# एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं में मची मारा-मारी

## मोबाइल व गैस एजेंसियों पर बुक नहीं हो पा रही गैस बुक, उपभोक्ता परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय



गैस एजेंसी पर लगीं उपभोक्ताओं की भीड़। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** ईरान-इजराइल युद्ध के बीच एलपीजी गैस की किल्लत होनी शुरू हो गई। वहीं उपभोक्ताओं की आन-लाइन व गैस एजेंसी पर गैस बुक नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। समय से गैस नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। आपूर्ति विभाग ने गैस एजेंसियों पर पहुंच जांच की।

ईरान-इजराइल युद्ध को कई दिन बीतने के बाद एलपीजी गैस की किल्लत नजर आने लगी है। अब लोगों को बिना बुकिंग के गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिससे उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए इधर से उधर चक्कर लगाने के लिए को मजबूर है। किल्लत से पहले लोगों को गैस सिलेंडर आसानी से बिना बुकिंग के मिल जाता था। इसलिए लोगों ने गैस बुक कराने बंद कर दी और रसीद बुक भी रख दी थी। अब जब गैस की किल्लत होने से लोग घर में रखी रसीद बुक ढूंढने में लगे हैं। गैस को लेकर शहर की ताहिर गैस एजेंसी, सीली गैस ऐसेंसी, करतार गैस एजेंसी, चन्दौसी भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ता की पिछले 4 दिनों से भीड़ लगनी शुरू हो गई है। अब बिना बुकिंग के गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। जिससे घर पर रसोई का सिस्टम बिगड़ने लगा है। कार्यवाहक सप्लाई इंस्पेटर ललित मोहन व बड़े बाबू गुरुदत्त ने गैस एजेंसियों पर पहुंच जानकारी ली और स्टाक चेक किया। जिसमें ताहिर गैस एजेंसी पर गुरुवार की सुबह 450 गैस सिलेंडर आए और पुराना स्टाक 127 गैस सिलेंडर का था। दोपहर 1 बजे तक सभी गैस सिलेंडर की डिलीवरी हो गई। सप्लाई इंस्पेक्टर ने कहा कि एलपीजी गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता धैर्य बनाए रखे। जमाखोरी करने का प्रयास न करें।



मोबाइल व गैस एजेंसी पहुंच कर भी गैस बुक नहीं हो पा रही है। पिछले चार दिन से गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने को मजबूर है। घर पर गैस सिलेंडर खत्म होने पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

-रमाशंकर शर्मा



अब गैस बिना बुकिंग के नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस बुक कराने में परेशानी सामने आ रही है। जिससे गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है।

-धर्मपाल

# रायसत्ती देवी मंदिर में महिलाओं ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



रायस्ती देवी मंदिर में कतार में खड़े श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा



रायस्ती देवी मेले में खरीदारी करते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रायसत्ती देवी मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंच माता रानी की जात लगाई। पूजा-अर्चना कर घर-परिवार व बच्चों की सलामती की मन्नतें मांगी। मंदिर परिसर के आसपास व सुभाष रोड पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं व बच्चों ने पहुंच जमकर खरीदारी कर चाट-पकौड़ी की स्वाद लिया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर पर पुलिस तैनात रही।

होली के बाद रायसत्ती देवी मंदिर में घर-परिवार व बच्चे की सुरक्षा को लेकर महिलाओं द्वारा चार गुरुवार जात लगाई जाती है। साथ ही मेले का आयोजन किया जाता है। गुरुवार की सुबह 8 बजे से ही रायसत्ती मंदिर पर महिलाओं व बच्चों का पहुंचना आरंभ हो गया। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने माता रानी की जात लगाई। जिसमें गेहूं, पुआ व अन्य सामग्री माता रानी को अर्पित की। भीड़ अधिक होने पर महिलाओं को कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। पूजा-अर्चना के पश्चात महिलाओं ने घर-परिवार व बच्चों की सलामती के माता रानी से प्रार्थना की। महिलाओं ने परिवार के साथ मंदिर परिसर में घर पर बनाया गया भोजन किया। वहीं मंदिर परिसर व सुभाष रोड पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अस्थायी रूप से खेल-खिलौने सहित अन्य प्रकार की दुकानें लगाई। बच्चों व महिलाओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। चाट-पकौड़ी की दुकानों पर पहुंच स्वाद लिया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर व मेले में पुलिस बल तैनात रहा।

# मानवीय व दैवीय आपदाओं की स्थिति से कराया अवगत

जागरण मोर्चा कार्यालय



अग्निशमन यंत्र चलाकर दिखाता स्वयंसेवक। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** एसएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय शिविर का आयोजन राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में किया जा रहा है। गुरुवार को शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया।

इसके उपरांत गांव देवरखेड़ा में रैली निकालकर स्वंयसेवकों ने आगामी चुनाव में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली के बाद स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर अपने विचार रखे। शिविर के दूसरे सत्र में आपदा प्रबंधन कार्यक्रम में अग्निशमन दल प्रभारी ओमकार शर्मा ने आपदा के समय साहस रखते हुए समस्याओं के समाधान करने की प्रेरणा दी। उन्होंने मानवीय व दैवीय आपदाओं में अंतर बताते हुए प्रत्येक स्थिति में स्वयं व आसपास के परिवेश को सुरक्षित रखने को मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराने को अतिरिक्त अग्निशमन यंत्रों से भी परिचित कराया। स्वयंसेवकों को रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर भूपाल सिंह शास्त्री, शरद शर्मा, सुरेश, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# कम्पोजिट स्कूल अहमदनगर खेड़ा में आयोजित हुआ बाल-मेला



ए आर पी वरुण आर्य एवं महेश कुमार लोधी तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ। –जागरण मोर्चा



बच्चों द्वारा लगाया गया स्टॉल। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के अहमद नगर खेड़ा में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ए आर पी वरुण आर्य और महेश कुमार लोधी रहे। स्कूल स्टाफ ने आयोजन के इंतज़ाम में बच्चों के प्रति गहरी दिलचस्पी और जुड़ाव दिखाया। वह किसी भी विद्यार्थी के लिए एक स्वप्न जैसा था। स्टॉल के इंतज़ाम से लेकर मशहूर भारतीय महिलाओं के नाम पर उनके नाम, लेन-देन के लिए टोकन-सिस्टम, बच्चों ने स्वयं द्वारा खाने के आइटम तैयार किए थे।

संबंधित टीचरों की उनकी बारीकी से जांच की। सब कुछ बच्चों की जवाबदेही की भावना को दिखाता है। स्टॉल एकदम साफ और आकर्षक थे क्योंकि साफ-सफाई और सही सजावट पर खास ध्यान दिया गया था। ज़रूरत के हिसाब से डस्टबिन रखे गए थे। उनका इस्तेमाल करने की सख्त सलाह दी गई थी। छात्रा छात्राएं बहुत खुश थे और उन्होंने पूरे नजारे का इतनी खुशी और उल्लास के साथ आनंद लिया कि कोई भी उम्मीद नहीं छोड़ी जा सकती थी। शिक्षकों ने न सिर्फ उन्हें अपनी बात कहने की पूरी आज़ादी दी बल्कि इस बात पर भी कड़ी नज़र रखी कि कहीं छात्र छात्राएं अनुशासन भंग न कर दें। वरुण एवं महेश कुमार द्वारा बताया कि जब हमें तीन सबसे अच्छे स्टॉल को चयन करने की जिम्मेदारी दी गई, तो बहुत दुविधा उत्पन्न हुई क्योंकि हर स्टॉल को बहुत मेहनत और देखभाल से बनाया और मेंटेन किया गया था। बताया कि ऐसे आयोजन नियमित और वर्ष भर में बार होने चाहिए क्योंकि ये बच्चों के सम्पूर्ण विकास में बहुत मददगार साबित होते हैं। अंत में प्रधानाध्यापिका सुमन अरोड़ा द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया।

## एक नजर



### दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या, पति समेत दो के खिलाफ दी तहरीर

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला। मृतका के पिता दो के खिलाफ दी तहरीर। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी बलवन्त ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री राखी ने एक वर्ष पूर्व अल्लीपुर मिलक गांव निवासी सतेन्द्र के साथ प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही पति और एक अन्य पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर राखी को प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि 10 मार्च की सुबह मांग पूरी न होने पर दोनों ने षड्यंत्र रचकर राखी की बेरहमी से हत्या कर दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों को राखी का शव चोटिल अवस्था में घर में पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है जल्द मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



कॉलोनी वासियों को जागरुक करते हुए। –जागरण मोर्चा

# एनएसएस शिविर में सामाजिक जागरूकता पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सरदार बेगम मेमोरियल पी.जी. कॉलेज के एन.एस.एस. शिविर में 'सामाजिक जागरूकता' पर जोर दिया। गुरुवार को नगर के सरदार बेगम मेमोरियल पी.जी. कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस. कैंप के छठे दिन का आयोजन काशीराम कॉलोनी और शेखपुर झकड़ी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शिविर के छठे दिन का मुख्य केंद्र 'सामाजिक जागरूकता' रहा।कैंप की यूनिट एक और यूनिट दो के स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से ग्राम संपर्क अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने टोलियों में बंटकर स्थानीय निवासियों को साक्षरता, जल संरक्षण, और प्लास्टिक मुक्त भारत के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटकों और नारों के माध्यम से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' तथा स्वच्छता के महत्व को समझाया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मल्लिका निज़ाम ने शिविर का निरीक्षण किया और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, "समाज सेवा ही जीवन का वास्तविक आधार है। विद्यार्थियों को समाज की समस्याओं को समझकर उनके समाधान में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।"अनुभवी शिक्षकों का सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नसरे आलम और डॉ. विनेश कुमार का विशेष मार्गदर्शन रहा। इसके साथ ही, शिविर के सफल संचालन और गतिविधियों के पर्यवेक्षण में सहयोगी शिक्षक डॉ. भूपेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. आसमा चौधरी और डॉ. राजकुमार कौशिक , आरिफ सैफी ,अनवार चौधरी , अनवर अली , शीतल सक्सैना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वयंसेवकों को समाज सेवा के गुर सिखाया।

# सरदार पटेल जयंती वर्ष पर युवाओं को दिया राष्ट्रीय एकता और खेल भावना का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर, स्वार में आयोजित महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता और वार्षिक क्रीड़ा समारोह सत्र 2025–26 का समापन समारोह उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है।



विजेता छात्र को ट्राफी देते प्रोफेसर और स्वार क्षेत्र अधिकारी अतुल कुमार पांडे।

उन्होंने युवाओं से खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और स्वस्थ, अनुशासित तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के संदर्भ में भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने भारत की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया था। उनके आदर्शों, राष्ट्रभक्ति और एकता के संदेश से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान रन फॉर यूनिटी जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय एकता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया गया। समारोह के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राधेश्याम गिरि ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हाई टेंशन लाइन पर पेड़ों की टहनियां टूट कर गिरीं, 6 घंटे बाधित रही आपूर्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** टांडा बाजपुर मार्ग के किनारे से होकर गुजर रही मसवासी की 33 हजार के बी लाइन पर पेड़ की टहनियां टूट कर गिर गई जिससे मसवासी नगर समेत आसपास के गांव की बिजली आपूर्ति 6 घंटे बाधित रही। जिससे रोजेदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गुरुवार को टांडा दढ़ियाल मार्ग के किनारे से होकर मसवासी पहुंच रही 33 हजार केवी लाइन पर पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गई। जिससे मसवासी नगर समेत मोहल्ला भूबरा, चाऊपुरा, रहमतगंज, सीतारामपुर, कुंदनपुर, अलीगंज, खुशहालपुर, धर्मपुर, मंसूरपुर, करीमपुर, सेमरा लाडपुर, हसनपुर, उत्तरी मिलक,नो खरीद, घोसीपुरा,पट्टीकला, बिजारखाता, मानपुर उत्तरी, शिकारपुर, महाराजपुर, बब्बरपुरी, शिव नगर, लोहरा इनायत गंज, खौद कला, खानपुर उत्तरी समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 6 घंटे बाधित रही। जिससे रोजेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।नगर क्षेत्र के लघु उद्योग धंधे भी प्रभावित रहे। दोपहर बाद बिजलीकर्मियों ने पेट्रोलिंग कर टूटे तारों को दुरुस्त किया और बिजली आपूर्ति को बहाल किया गया। अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया की ब्रेकडाउन दूर कर बिजली आपूर्ति दुरुस्त कर दी गई है उधर बिजली के अभाव में कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# भाकियू बीआर अंबेडकर ने किया प्रदर्शन

## किल्लत के चलते गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की लाइन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** एलपीजी के दाम बढ़ने और नगर में गैस सिलिंडरों की किल्लत के विरोध में भाकियू बीआर अंबेडकर ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर स्थित एक एजेंसी के गेट पर उपभोक्ताओं के बीच खाली सिलिंडर लेकर नारेबाजी की। डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा कि गैस सिलिंडर की कीमतें बढ़ने और त्योहार के समय आपूर्ति में कमी होने के कारण आम जनता और कारोबारी दोनों को परेशानी हो रही है, जहां एक तरफ जिला अधिकारी कह रही है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है वही उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल रही। जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कालाबाजारी भी बढ़ गई है। प्रदर्शन के दौरान निर्णय लिया गया कि यदि जल्द ही एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति सामान्य नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर एजेंसी के गेटों पर धरना प्रदर्शन करने का कार्य करेगी। प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी,प्रमोद कुमार,अरविंद जाटव,सोनू गुर्जर, अक्की कसाना, कुलदीप भारती, यासीन अली, नदीम,किरनपाल, कर्मवीर सहित काफी संख्या में गैस उपभोक्ता मौजूद रहे।



भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष गैस उपभोक्ताओं के साथ प्रदर्शन करते हुए।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया रुक्मणी कृष्ण विवाह का प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवे दिन बुधवार को कथा व्यास पंडित मोहित भारद्वाज ने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीला और महारास का वर्णन सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

कथा व्यास पंडित मोहित भारद्वाज ने बताया कि श्री कृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा तत्व ब्रह्मा के मिलन को ही महारास कहते हैं ।कथा व्यास ने कहा जब के जीव में अभिमान आता है ।तब वह भगवान से दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो श्री कृष्णा उस पर अनुग्रह करते हैं उसे दर्शन देते हैं।



श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी कृष्ण विवाह की झांकी। –जागरण मोर्चा

भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण का प्रथम विवाह बिंद्रभ देश के राजा की पुत्री रुक्मणी के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणी को श्री कृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी है। और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती ।श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान ननुआ सिंह, ओमपाल सिंह, डोरी, दयाराम, शेर सिंह, धर्मवीर सिंह, मास्टर पूरन सिंह, जगदीश ठेकेदार, प्रशांत, सनी आदि मौजूद रहे।


# मसवासी की मोती मस्जिद में कुराने पाक हुआ मुकम्मल

## उलेमा ने नमाजियों को इबादत के रास्ते पर चलने की दी हिदायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी:** नगर की मोती मस्जिद में बाइसवीं तरावीह मे बुधवार की रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई इस मौके पर मस्जिद को सजाया गया। और कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिज को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलेमा ने लोगों को रमजान का महत्व समझाया और कहा कि यह महीना बरकतों से लबरेज है। गुनाहों से तौबा करने का महीना है नगर की मोती मस्जिद में बुधवार शाम नमाज ए तरावीह में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई।

नमाज़ तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत हाफिज मोहम्मद अयास अब्दुल्लाह ने जबकि सामा के फराइज मोती मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद आरिफ ने पूरे किए। मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिज को उपहार भेंट किए। इस दौरान चादं मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है। इस महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है यह महीना तोबा और गुनाहों से बचने का है सभी को रोजा और नमाज की पाबंदी कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद ने मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई ।इस दौरान गौसिया मस्जिद के इमाम कारी तारिक, मौलाना नाजिम , मोहम्मद कासिम,मास्टर सादिक, दाऊद अंसारी, मोहम्मद हारून, कमर गालिब जाहिद हुसैन,मोहम्मद मेहरबान, शाकिर हुसैन, ,मास्टर युनुस, मोहम्मद रहीस, महफूज, शाहरुख अंसारी, मोहम्मद हनीफ, सरीफ अहमद, डॉक्टर अतीक, डॉक्टर फैजान, मोहम्मद अहमद शामिल रहे।



मसवासी में कुरआन मुकम्मल होने पर नमाजियों को फजीलत बयान करते उलेमा। –जागरण मोर्चा

# मुकम्मल हुआ कुरान रोजेदारों ने मांगी अमन चैन की दुआएं



हाफिज ए कुरान का फूल माला पहनकर स्वागत करते हुए रोजेदार। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रमजान उल मुबारक के पवित्र महीने के 22वें तरावीह के मौके उस्मान ए गनी मस्जिद दौरारा में कुरान मुकम्मल किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदार इबादत में शिरकत किए और अपने परिवार, समाज और पूरी इंसानियत के लिए दुआएं की। तरावीह की नमाज के बाद रोजेदारों ने अपने बच्चों, परिवार और समाज की सलामती और तरक्की के लिए अल्लाह से फरियाद की। हाफिज शाहिद अली ने कुरान सुनाया जबकि हाफिज साजिद रजा ने कुरान को सुना मौलाना साहेवान आलम ने तकरीर करते हुए कहा कि रमजान का महीना सिर्फ इबादत का ही नहीं बल्कि इंसानियत और एकता का पैगाम देता है। इस मौके पर हाफिज शरीक राजा हाफिज तालिब रजा हाजी रहमत अली अखिल अली जफर अली मोफिज अली उपस्थित रहे।

# जमीनी रंजिश में सौतेले पिता और भाइयों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में पुरानी जमीनी रंजिश के चलते एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला। पीड़ित युवक ने अपने सौतेले पिता और तीन भाइयों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मगरौली निवासी कपिल देव पुत्र जसवन्त ने पुलिस को बताया कि 10 मार्च की दोपहर पुराने जमीनी विवाद को लेकर उसके सौतेले पिता रामचन्द्र, भाई मनीकन्त, राजाबाबू व रिंकू ने उसे घेर लिया। आरोप है कि चारों ने मिलकर कपिल के साथ अभद्रता करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर महिला से अश्लीलता विरोध पर चाकू से किया हमला, रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** होली के दिन एक महिला के साथ घर में घुसकर अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के समोदिया गांव का बताया जा रहा है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार मार्च को होली के दिन वह अपने घर पर अकेली थी। दोपहर के समय गांव के ही सर्वेश और चन्दन जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि महिला को अकेला देखकर दोनों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरूकर दी। अश्लील हरकतें करने लगे।पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे जबरन चारपाई पर गिरा लिया। जब उसने शोर मचाकर विरोध किया,तो दोनों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरूकर दी, लात घूंसों से पीटा।इसी दौरान आरोपी सर्वेश ने अपनी जेब से चाकू निकाल लिया और महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।घटना के बाद महिला ने किसी तरह अपनी जान बचाई। परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों सर्वेश और चन्दन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# खेत पर सिंचाई करने गए किसान की करंट से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र गांव में को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। यहाँ खेत पर फसलों की सिंचाई करने गए 40 वर्षीय किसान की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत की मेड़ पर पड़ा मिला, जिसके बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी अजय पाल 40 वर्षीय पुत्र स्व. रामलाल गुरुवार सुबह करीब 9 बजे अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने के लिए घर से निकले थे। जब काफी देर बीत जाने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। तलाश करते हुए जब बेटा खेत पर पहुँचा, तो उसने अपने पिता को मेड़ पर बेसुध पड़ा देखा। पास जाकर देखा तो अजय पाल के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। झटका मशीन की चपेट में आने की आशंका से किसान की मौत बताई जा रही है ।जंगली जानवरों से फसल की रक्षा के लिए खेत के चारों ओर झटका मशीन के तार लगाए गए थे। आशंका जताई जा रही है कि काम के दौरान अचानक अजय पाल का शरीर इन तारों के संपर्क में आ गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।मृतक अजय पाल बटाई पर जमीन लेकर खेती करते थे और इसी से अपने पांच बच्चों व परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।



मृतक का फाइल फोटो।

## सम्पादकीय

# विपक्ष की हार, ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज

विपक्ष की ओर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज होना ही था। इसे विपक्ष भी भली तरह जानता था और इसीलिए जब यह प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज हुआ तो उसने मतदान की मांग नहीं की, क्योंकि वह समझ रहा था कि नतीजा बदलने वाला नहीं है। विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर यह दिखाने की कोशिश की थी, वह इसे लेकर बहुत गंभीर है, लेकिन जब उस पर बहस का समय आया तो वह पश्चिम एशिया के संकट पर चर्चा की मांग करने लगा। ऐसा नहीं है कि सरकार इस विषय पर बहस के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस ने यही प्रदर्शित किया कि वह अपनी ही ओर से लाए गए प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं। निःसंदेह राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उन्हें जो मन में आए, वह बोलने की अनुमति मिल जाए और वे अपने को संसदीय नियमों से परे समझें। वे अपनी समझ से जिन्हें गंभीर विषय बताते हैं और उन पर चर्चा के लिए जोर देते हैं, वे प्रायः हवा-हवाई और सनसनीखेज ही होते हैं। बीते कुछ दिनों से राहुल गांधी संसद के भीतर-बाहर इस पर जोर देने में लगे हुए हैं कि अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष समर्पण कर दिया है, लेकिन अभी तो यह समझौता हुआ ही नहीं है। इसके पहले वे यह सिद्ध करने की



असफल कोशिश करने में लगे हुए थे कि चुनाव आयोग मोदी सरकार के इशारे पर मतदाता सूचियों का इस तरह विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर करने में लगा हुआ है, ताकि भाजपा को चुनावी लाभ मिले। सरकार के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप उछालना राहुल गांधी की अगंभीरता को ही दर्शाता है। वे संसद की कार्यवाही को लेकर भी गंभीर नहीं दिखते। इसे गृहमंत्री अमित शाह ने अच्छी तरह रेखांकित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि लोकसभा अध्यक्ष पर खुद को सदन में न बोलने देने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी ने किस तरह 12 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा में भाग नहीं लिया। इसी तरह संसद के विभिन्न सत्रों के दौरान किस प्रकार उन्होंने विदेश यात्रा करना आवश्यक समझा। गृहमंत्री ने यह भी बताया कि सदन में उनकी उपस्थिति किस तरह बहुत कम रहती है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष को हार मिलनी ही थी, लेकिन इसका परिणाम यह नहीं होना चाहिए कि सत्तापक्ष एवं विपक्ष के रिश्ते और कटुतापूर्ण हो जाएं। इससे किसी को कुछ हासिल नहीं होगा। यह समय की मांग है कि संसद में सभी मुद्दों पर धीर-गंभीर तरीके से चर्चा हो, लेकिन यह तब तक संभव नहीं, जब तक विपक्ष हर मसले पर उलटे-सीधे आरोपों के साथ हंगामा करता रहेगा।

## ऐतिहासिक घटनाएं

- 1992 - मारिशस गणराज्य घोषित।
- 1993 - मुंबई में कई बम धमाकें हुए और उनमें 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए।
- 1998 - प्रथम टर्बोनेट इंजन निर्माता हेन्स जोशिम पाबस्ट वान ओहेन का निधन।
- 2003 - सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की बेलग्रेड में हत्या।
- 2004 - दक्षिण कोरियाई संसद में महाभियोग पारित होने के बाद राष्ट्रपति रोह मू हुन पद से निलम्बित, लाहौर में दसवाँ दक्षेस लेखक सम्मेलन प्रारम्भ।
- 2006 - ईराक में सद्दाम हुसैन के विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई प्रारम्भ।
- 2007 - जमैका में 9वें विश्वकप क्रिकेट का उद्घाटन हुआ।
- 2008 -
- पुदुचेरी के उपराज्यपाल मुकुट मिथी ने अपने पद से इस्तीफा दिया। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने नागालैण्ड में राष्ट्रपति शासन हटाने का निर्णय लिया।
- अमेरिकी वायुसेना ने विश्व के पहले स्टील्थ लड़ाकू विमान एफ़-117 को अपने बेड़े से हटाया। विश्व की सबसे लम्बी आयु की समझी जाने वाली महिला वारवा सेमेनिकोवा का रूस में 117 वर्ष की आयु में निधन।
- 2009 - वायुसेना में आपरेशंस निदेशालय के पहले महानिदेशक के तौर पर एयर मार्शल डी सी कुमारिया ने कार्यभार सम्भाला।
- 2018 - नेपाल के त्रिभुवन अन्तर्राष्ट्रीय विमानक्षेत्र में यूएस-बांग्ला एयरलाइन्स का विमान दुर्घटनाग्रस्त, कम से कम 51 लोगों की मृत्यु।
- 12 मार्च को जन्मे व्यक्ति
- 1913 - यशवंतराव चव्हाण, भारतीय राजनीतिज्ञ।
- 1927 - रॉल अलफोन्सिन - अर्जेंटीना के राष्ट्रपति थे।
- 1984 - श्रेया घोषाल, भारतीय गायका।
- 1962 - एस. दामोदरन (समाजिक कार्यकर्ता) - तमिलनाडु के प्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता हैं।
- 1950 -हरमोहिन्दर सिंह बेदी - हिंदी लेखक, एक शिक्षाविद और भारतीय राज्य पंजाब के अकादमिक प्रशासक हैं।

## विशेष आलेख

# फूहड़ कंटेंट, सोशल मीडिया और संस्कृतिः जिम्मेदारी किसकी?



डॉ. प्रियंका सौरभ

डिजिटल युग ने हमारे समाज की संरचना, सोच और अभिव्यक्ति के तरीकों को गहराई से बदल दिया है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है जहां पहले मनोरंजन और प्रसिद्धि के अवसर सीमित लोगों तक होते थे, वहीं अब हर व्यक्ति के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच है। लेकिन इस नए अवसर के साथ कई नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी बहस उस कंटेंट को लेकर है जिसे समाज का एक वर्ग 'फूहड़' या 'अशोभनीय' मानता है।

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो तेजी से वायरल होते देखे गए हैं जिनमें डांस, अभिनय या मनोरंजन के नाम पर ऐसे हाव-भाव और प्रस्तुति दिखाई जाती है जिन्हें कई लोग सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन वीडियो को लाखों व्यूज, लाइक्स और शेयर मिलते हैं, जिससे वे और अधिक लोगों तक पहुंचते हैं। लोकप्रियता की इस दौड़ में कई बार कंटेंट की गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है। समाज के एक बड़े वर्ग का मानना है कि इस प्रकार के कंटेंट का प्रभाव विशेष रूप से युवाओं और किशोरों पर पड़ता है। जब वे देखते हैं कि कुछ लोग केवल कुछ सेकंड के वीडियो बनाकर अत्यधिक प्रसिद्धि और आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो उनके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा पैदा हो सकती है। कई बार यह प्रेरणा रचनात्मक दिशा में जाती है जैसे संगीत, कला, नृत्य या शिक्षा से जुड़े कंटेंट बनाना। लेकिन कई मामलों में यह प्रेरणा केवल वायरल होने की दौड़ में बदल जाती है, जहां ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का तरीका अपनाया जाता है।

यह भी देखा गया है कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड और एल्गोरिद्म का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। जो कंटेंट अधिक देखा और साझा किया जाता है, वही तेजी से फैलता है। ऐसे में यदि दर्शक बार-बार उसी प्रकार के वीडियो देखते हैं जिन्हें वे स्वयं 'फूहड़' कहते हैं, तो अनजाने में वे उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा भी दे रहे होते हैं। इसलिए केवल कंटेंट बनाने वालों को दोष देना इस समस्या का पूरा समाधान नहीं है। दर्शक भी इस डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं, और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का एक रूप हो सकता है। इसी कारण इस विषय पर समाज में तीखी बहस देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देखते हैं।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है क्या किसी भी प्रकार की लोकप्रियता को सफलता का मानक माना जाना चाहिए? सोशल मीडिया ने प्रसिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी कलाकार को पहचान पाने में वर्षों लग जाते थे; आज एक वायरल वीडियो किसी को रातों-रात स्टार बना सकता है। लेकिन यह त्वरित प्रसिद्धि कई बार स्थायी नहीं होती और इसके सामाजिक प्रभाव भी जटिल हो सकते हैं।

कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है। संस्कृति की बात करें तो यह किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की देन नहीं होती। संस्कृति सदियों के अनुभव, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से बनती है। इसमें परिवर्तन भी होता रहता है—क्योंकि हर युग अपने साथ नए विचार और नए रूप लेकर आता है। लेकिन परिवर्तन और अतिरेक के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। जब मनोरंजन का उद्देश्य केवल सनसनी या ध्यान आकर्षित करना बन जाए, तो समाज में यह चिंता स्वाभाविक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से दूर तो नहीं जा रहे। इस संदर्भ में परिवार, शिक्षा और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों और युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर दिखने वाली हर चीज़ अनुकरण के योग्य नहीं होती। डिजिटल साक्षरता—यानी यह समझ कि ऑनलाइन दुनिया कैसे काम करती है आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। यदि युवा यह समझ पाएँ कि एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं, व्यूज और लाइक्स कैसे बढ़ते हैं, और किस प्रकार का कंटेंट उन्हें प्रभावित कर सकता है, तो वे अधिक जागरूक निर्णय ले सकेंगे।

कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जो लोग लाखों दर्शकों तक पहुंच रखते हैं, उनके पास समाज को प्रभावित करने की शक्ति भी होती है। यदि वे अपनी लोकप्रियता का उपयोग सकारात्मक संदेश, रचनात्मक कला और प्रेरणादायक सामग्री के लिए करें, तो वही सोशल मीडिया समाज के लिए एक सशक्त मंच बन सकता है। कई उदाहरण ऐसे भी हैं जहां क्रिएटर्स ने शिक्षा, लोक संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बढ़ावा देने का काम किया है और लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसलिए समाधान केवल विरोध या बहिष्कार में नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण में है। समाज को यह तय करना होगा कि वह किस प्रकार के कंटेंट को बढ़ावा देना चाहता है। यदि दर्शक रचनात्मक, ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध सामग्री को अधिक समर्थन देंगे, तो स्वाभाविक रूप से वही कंटेंट अधिक दिखाई देगा। सोशल मीडिया का एल्गोरिद्म अंततः दर्शकों की पसंद पर ही निर्भर करता है।

इसके साथ ही प्लेटफॉर्म कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे मानक और नीतियाँ विकसित करें जो समाज के व्यापक हितों का ध्यान रखें।

आखिरकार, संस्कृति किसी एक व्यक्ति, एक वीडियो या एक ट्रेंड से न तो बनती है और न ही खत्म होती है। यह समाज की सामूहिक चेतना और निर्णयों से आकार लेती है। इसलिए यह जिम्मेदारी हम सबकी है—क्रिएटर की भी, दर्शक की भी और समाज की भी।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

# अमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा

*अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा। नीतिक दबाव डालता रहा है।*



संजीव ठाकुर

मध्य-पूर्व की राजनीति एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठी दिखाई दे रही है। वर्षों से सुलग रही अमेरिका-इज़रायल और ईरान की प्रतिद्वंद्विता अब खुलकर युद्ध में बदल चुकी है। यह केवल तीन देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा राजनीति और धार्मिक-राजनीतिक ध्रुवीकरण का ऐसा जटिल समीकरण है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। इस युद्ध का सबसे नाटकीय और निर्णायक मोड़ यह रहा जब ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खेमनई की हत्या कर दी गई और उसके बाद ईरान ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में मुज्तबा खेमनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। यह घटना केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति को हिला देने वाली घटना थी। एक तरफ अमेरिका और इज़रायल इस युद्ध को ईरान की सैन्य और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रोकने की कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं ईरान इसे अपनी संप्रभुता और इस्लामी व्यवस्था पर हमला मान रहा है।

ईरान और इज़रायल के बीच तनाव पिछले कई दशकों से बना हुआ है। ईरान खुले तौर पर इज़रायल की नीतियों का विरोध करता रहा है और फिलिस्तीन के मुद्दे पर उसका रुख बेहद आक्रामक रहा है। दूसरी ओर इज़रायल को यह भय लंबे समय से लगता रहा है कि यदि ईरान परमाणु शक्ति बन गया तो वह उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

अमेरिका भी लंबे समय से ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध और कूटअमेरिका-इज़रायल-ईरान युद्ध, मुज्तबा ख़ामेनेई के नेतृत्व के भविष्य की अग्निपरीक्षा ।नीतिक दबाव डालता रहा है। विशेष रूप से जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राजनीति में प्रभावी हुए, ईरान के प्रति अमेरिकी नीति और कठोर हो गई। ट्रंप प्रशासन ने पहले भी ईरान के परमाणु समझौते को समाप्त किया और अब युद्ध की स्थिति में भी उन्होंने बेहद आक्रामक रुख अपनाया है।इज़रायल की सुरक्षा चिंताओं और अमेरिका की रणनीतिक नीति के मेल ने इस संघर्ष को और तीखा बना दिया। कई सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि इज़रायल लंबे समय से ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के लिए किसी बड़े अभियान की तलाश में था और अब उसे अमेरिका का खुला समर्थन मिल गया है।

वैसे वैश्विक राजनीति में यह माना जाता रहा है की ईरान की राजनीति में सर्वोच्च नेता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह केवल धार्मिक प्रमुख ही नहीं बल्कि देश की सैन्य और रणनीतिक नीतियों का अंतिम निर्णयकर्ता भी होता है। ऐसे में जब अयातुल्लाह अली ख़ामेनेई की हत्या हुई तो यह ईरान के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका था। लेकिन सत्ता संरचना ने तेजी से निर्णय लेते हुए उनके पुत्र मुज्तबा ख़ामेनेई को नया सर्वोच्च नेता घोषित कर दिया। मुज्तबा पहले से ही सत्ता के गलियारों में प्रभावशाली माने जाते थे। वे ईरान की धार्मिक व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से गहरे जुड़े रहे हैं। उनके सत्ता संभालते ही ईरान के तेवर और भी सख्त हो गए। ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा

### मिट्टी और कुंभकार

बार-बार पैरों तले कुचले जाने के कारण मिट्टी अपने भाग्य पर रो पड़ी । अहो! मैं कैसी बदनसीबी हूँ कि सभी लोग मेरा अपमान करते हैं । कोई भी मुझे सम्मान की दृष्टि से नहीं देखता जबकि मेरे ही भीतर से प्रस्फुटित होने वाले फूल का कितना सम्मान है । फूलों की माना पिरोकर गले में पहनी जाती है । भक्त लोग अपने उपास्य के चरणों में चढ़ाते हैं । वनिताएं अपने बालों में गूंथ कर गर्व का अनुभव करती हैं । क्या ही अच्छा हो कि मैं भी लोगों के मस्तिष्क पर चढ़ जाऊं! मिट्टी के अंदर से निकलती हुई आह को जानकर कुंभकार बोला- मिट्टी बहिन! तुम यदि सम्मान पाना चाहती हो तो तुम्हें बड़ा सम्मान दिला सकता हूँ लेकिन एक शर्त है । एक क्या तुम्हारी जितनी भी शर्तें हों, मुझे सभी स्वीकार हैं । बस मुझे लोगों के पैरों तले से हटा दो, कुंभकार की बात को बीच में ही काटते हुए मिट्टी ने कहा । तो फिर ठीक है, तैयार हो जाओ '-कहते हुए कुंभकार ने जमीन खोदकर मिट्टी बाहर निकाली । गधों की सवारी कराता हुआ उसे घर ले आया । पानी में डालकर उसे बहुत समय तक गीली रखा । इतना ही नहीं फिर पैरों से उसे खूब रौंदा । कष्टों को सहते हुए मिट्टी बोली, अरे भाई! बहुत कष्ट दे रहे हो । कब मुझे सम्मान का पात्र बनाओगे? मिट्टी बहिन! धैर्य रखो । अभी सहती जाओ, तुम्हें इसका मधुर फल जरूर मिलेगा ।कुंभकार की बात सुनकर मिट्टी कुछ नहीं बोली । कुंभकार ने मिट्टी को चाक पर चढ़ाया और उसे तेजी से घुमाते हुए घड़े का रूप दिया । फिर धूप में सुखाया । कष्ट सहते-सहते जब मिट्टी का धैर्य टूटने लगा तो कुंभकार बोला, बस बहन ! अब केवल एक अग्नि-परीक्षा ही शेष है । और सभी में तुम उत्तीर्ण हो चुकी हो । यदि उसमें भी उत्तीर्ण रही तो लोग सती सीता की तरह तुम्हें भी मस्तक पर चढ़ा लेंगे । सीता को लोग सिर झुकाकर सम्मान देते हैं किन्तु तुम्हें तो वनिताएं सिर पर सजा कर घूमेंगी । आखिर मिट्टी ने सब कुछ सह कर अग्नि-परीक्षा भी उलीर्ण कर ली । फिर क्या था! सचमुच सुंदरियां उसे सिर पर उठाए फिरने लगी । मिट्टी अपने सम्मान पर प्रफुल्लित हो उठी । आखिर सम्मान पाने के लिए कष्ट तो सहने ही पड़ते हैं ।

## हैल्थ टिप्स

# फर्टिलिटी बूस्ट करने में मदद करते हैं ये योगासन, जानें अभ्यास का सही तरीका

**बद्धकोणासन :** इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पैरों को सीधा करके बैठ जाएं। फिर अपने घुटनों को मोडक़र दोनों तलवों को एक-दूसरे से मिला लें। इसके बाद अपने हाथों को इंटरलॉक कर लें और पैरों के तलवों को पकड़ लें। इसके बाद अपनी दोनों आंखें बंद कर लें और पैरों को ऊपर-नीचे हिलाएं।

**उत्तानासन :** इस आसन को करने के लिए योग मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अपने दोनों पैरों के बीच करीब एक फीट की दूरी बनाकर रखें। सांस छोड़ते हुए हाथों को नीचे की तरफ लाएं। अब अपने हाथों से पैरों के अंगूठे को छूने की कोशिश करें। इस दौरान आपके पैर घुटनों से मुडऩे नहीं चाहिए। कुछ देर इस अवस्था में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। आप इस प्रक्रिया को 3-5 बार दोहरा सकते हैं।

**बालासन :** इस आसन को करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठ जाएं। अपने शरीर का सारा भार एडियों पर डाल दें। अब गहरी सांस भरते हुए आगे की ओर झुकें। ध्यान रहे कि आपका सीना जांघों से छूना चाहिए। फिर अपने माथे से फर्श को छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहने के बाद वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं। आप इस प्रक्रिया को 3-5 बार कर सकती हैं।

**वीरभद्रासन :** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर सीधे खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों पैरों 2-3 फीट की दूरी पर रखें। फिर अपने सीधे पैर को आगे लेकर आए और उल्टे पैर को पीछे की ओर स्ट्रेच करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन भावनाओं से थोड़ा जुड़ा रह सकता है। दूर रह रहे किसी परिजन की याद आपको भावुक कर सकती है और मन में किसी बात को लेकर हल्का-सा क्रोध भी बना रह सकता है।

**वृष**
आज का दिन आपको संतुलन और समझदारी के साथ आगे बढने की सलाह दे रहा है। बेफिजूल के खर्चो पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी रहेगा।

**मिथुन**
आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतनी होगी। खासकर अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज करने से बचें, क्योंकि इससे अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। काम के सिलसिले में आप काफी व्यस्त रहेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए खुशखबरी लेकर आ सकता है, खासकर संतान पक्ष की ओर से कोई सुखद समाचार मिलने की संभावना है। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम आज आपको देखने को मिलेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके वैवाहिक जीवन के लिए काफी सुखद रहने वाला है। यदि परिवार में किसी बात को लेकर तनाव या कलह की स्थिति बनी हुई थी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मध्यम फल देने वाला रहेगा। किसी सरकारी मामले को लेकर आपकी चिंता थोड़ी बढ़ सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। आज आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है।

**तुला**
आज का दिन सामान्य रूप से बीतेगा, लेकिन सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है। दूर रह रहे किसी परिजन से निराशाजनक खबर मिलने की संभावना भी बन रही है। नौकरी में बदलाव का विचार आपके मन में आ सकता है।

**वृश्चिक**
आज आपको अपनी सेहत के प्रति थोड़ी अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि माताजी आपको कोई जिम्मेदारी सौंपें, तो उसे गंभीरता से निभाएं और लापरवाही बिल्कुल न करें।

**धनु**
आज का दिन विशेष रूप से राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत दे रहा है। उन्हें कोई नया पद या जिम्मेदारी मिल सकती है। आप संतान के साथ कहीं घूमने-फिरने या पिकनिक पर जाने की योजना भी बना सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन नई प्रॉपर्टी खरीदने या उससे जुड़ी योजना बनाने के लिए अच्छा रह सकता है। व्यापार में आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। जो धन लंबे समय से फंसा हुआ था।

**कुंभ**
आज आपको अपने कामों में अपेक्षा से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उनकी बातों को महत्व देना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए आनंद और मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा और अच्छा खान-पान भी आपके दिन को और खास बना देगा। कोई सरकारी काम जो लंबे समय से अटका हुआ था।

# बीमारी और कर्ज से परेशान युवक ने खुद को मारी गोली

- सुसाइड नोट में लिखा बच्चों को परेशान नहीं देख सकता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जनपद के कांट थाना क्षेत्र में बीमारी और आर्थिक तंगी से परेशान एक युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की जेब से मिले कागज में उसने लिखा कि वह अपने बच्चों को परेशान नहीं देख सकता और इलाज में बहुत पैसा खर्च हो चुका है। घटना मेडिकल कॉलेज के पास की है। अजीजपुर जिगनेरा निवासी 35 वर्षीय सतीश वर्मा परचून की छोटी दुकान चलाकर अपने परिवार का गुजारा करते थे। परिवार में उनकी पत्नी कीमत देवी, तीन बेटियां और एक बेटा हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात सतीश अपनी दुकान पर थे, तभी उन्होंने तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार सतीश पिछले करीब तीन साल से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। तीन साल पहले उनके पित्त में दर्द हुआ था, जिसके बाद ऑपरेशन कराया गया, लेकिन बाद में संक्रमण फैल गया और उनकी तबीयत लगातार खराब रहने लगी। इलाज पर अब तक करीब दस लाख रुपये खर्च हो चुके थे। मृतक के ससुर सोनपाल ने बताया कि सतीश की दुकान से इतनी आमदनी नहीं होती थी कि घर का खर्च और इलाज दोनों चल सकें। परिवार के पास करीब दस बीघा खेती है, जिस पर कुछ समय पहले लोन भी लिया गया था और उसका पैसा भी इलाज में लग गया। परिजनों को सतीश की जेब से एक कागज मिला, जिसमें उन्होंने लिखा था कि वह अपने बच्चों को परेशान नहीं देखना चाहते और इलाज में बहुत पैसा खर्च हो चुका है, इसलिए वह यह कदम उठा रहे हैं। हालांकि थाना प्रभारी का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की है और वह आर्थिक तंगी से परेशान था, लेकिन पुलिस को सुसाइड नोट की जानकारी नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव में नन्हे बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियां

- शिक्षा और बाल विकास का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** शहर के रामलीला मैदान खिरनीबाग में ह्लहमारा आंगन हमारे बच्चेह्व कार्यक्रम उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा और बाल विकास से जुड़े अधिकारियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा नन्हे बच्चों ने भाग लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों और बाल वाटिका व आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के प्रदर्शन ने पूरे माहौल को प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में बाल वाटिका के रूप में प्री-प्राइमरी कक्षाएं संचालित हों और आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय परिसर में चलें, ताकि बच्चों का शुरू से ही स्कूल से जुड़ाव बने और उनकी शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी ने कहा कि शासन द्वारा बाल वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से शिक्षकों के सहयोग से अपने केंद्रों को आदर्श बाल वाटिका बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मिलकर बाल वाटिका का संचालन करें, ताकि कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे और विद्यालयों में नामांकन बढ़े। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास खंडों द्वारा बाल वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाओं से जुड़े आकर्षक स्टॉल लगाए गए। वहीं रंग-बिरंगी रंगोलियों के माध्यम से ह्लहमारा आंगनहृहमारे बच्चेह्व का संदेश भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय सूरतपुर के नन्हे बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी नवनीत तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रत्येक विकासखंड से उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों और नोडल शिक्षकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालिका शिक्षा जिला समन्वयक रोहित सिंह, एसआरजी ममता शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, एआरपी हरि किशोर दीक्षित, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र जायसवाल, कौशलेंद्र मिश्रा, शुभम तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, उमेश चंद्र सक्सेना सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सुपरवाइजर, शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। नन्हे बच्चों की मुस्कान और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ यह कार्यक्रम वास्तव में ह्लहमारा आंगनहृहमारे बच्चेह्व की भावना को जीवंत कर गया।

# जिला सेवायोजन कार्यालय में कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू

- 31 मार्च तक करें आवेदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के अंतर्गत संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण के एक वर्षीय पाठ्यक्रम (सत्र अप्रैल 2025-26) के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 31 मार्च तक अपना आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय स्थित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र में सीटें सीमित हैं, इसलिए पहले आवेदन करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। साथ ही न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट निर्धारित की गई है तथा हाईस्कूल परीक्षा अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को कंप्यूटर टंकण, सामान्य गणित, रीजनिंग, बुक कीपिंग, अकाउंटिंग, सचिवीय पद्धति और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा संबंधित वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों तथा कंप्यूटर और टंकण का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय के शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

# मस्जिद-ए-खुरमा में तरावीह के दौरान कुरआन शरीफ मुकम्मल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** पवित्र रमजान माह के मुबारक मौके पर मोहल्ला झंडा कलां स्थित मस्जिद-ए-खुरमा में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन शरीफ मुकम्मल किया गया। इस मौके पर मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजियों की मौजूदगी रही और पूरा माहौल रूहानी रंग में रंगा नजर आया। रमजान के महीने मस्जिद में नियमित रूप से तरावीह की नमाज अदा की जाती रही, जिसमें हाफिज असलम ने कुरआन शरीफ सुनाने की जिम्मेदारी निभाई। नमाजियों ने पूरे एहतिराम और खामोशी के साथ कुरआन पाक को सुना। कुरआन शरीफ मुकम्मल होने के बाद नमाजियों ने अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया और इस मुबारक मौके पर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर हाफिज फराज ने बेहद खूबसूरत अंदाज में नात-ए-नबी पेश की, जिसे सुनकर मस्जिद का माहौल और अधिक रूहानी हो गया। नात के बाद रसूल-ए-पाक हजरत मोहम्मद मुस्तफा की शान में सलाम पेश किया गया, जिसमें सभी नमाजियों ने अदब और अकीदत के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में पेश इमाम हुजूर अहमद मंजरी ने मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, तरक्की और खुशहाली के लिए खास दुआ कराई। दुआ के दौरान सभी नमाजियों ने अपने हाथ उठाकर अल्लाह से रहमत, बरकत और गुनाहों की मगफिरत की दुआ मांगी। इस मौके पर डॉ. अब्दुल रशीद, खान मियां, मोहम्मद तौकीर, सुल्तान खान, ताहिर खान, मोहम्मद कामिल, हाफिज अरसलान, अमान खान, आतिफ खान सहित मोहल्ले के अनेक गणमान्य लोग और नमाजी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मस्जिद कमेटी के लोगों ने सभी नमाजियों का शुक्रिया अदा करते हुए रमजान के पवित्र महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की अपील की।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से 16 वर्षीय किशोर की मौत, दो दोस्त घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** अल्हागंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, अल्हागंज के चंपतपुर निवासी शिवा अपने दोस्तों विनय और अमित के साथ फूफा की बाइक से क्षेत्र में लगी नुमाइश देखने गया था। नुमाइश से लौटने के बाद तीनों एक दोस्त के घर जाने के लिए बाइक से निकले थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक हुल्लापुर के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि शिवा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विनय और अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। मृतक शिवा तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों ने आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# 13 केंद्रों पर 4560 अभ्यर्थी देंगे यूपी एसआई भर्ती की परीक्षा

- 14-15 मार्च को होगी लिखित परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक (एसआई) नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने की। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा 14 और 15 मार्च को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4560 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां पूरी सतर्कता के साथ निभाएं। परीक्षा के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त सहायक केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती कर दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्न पत्र कंट्रोल रूम से परीक्षा के दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों और महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका का अच्छी तरह अध्ययन करने के भी निर्देश दिए। जनपद में आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, देवी प्रसाद कॉलेज, जीएफ कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलीटेक्निक, इस्लामियां इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, स्वामी धमानंद सरस्वती इंटर कॉलेज और स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज सहित कुल 13 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राशिद अली, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार समेत संबंधित अधिकारी और केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के कार्यों का प्रभाव जानने गांवों में हुआ सर्वे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जल जीवन मिशन के तहत चल रही योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने के लिए 11 मार्च को जिले के तीन राजस्व गांवों सुजातपुर (विकास खंड भावलखेड़ा), सटियारा (विकास खंड ददरौल) और उमराह (विकास खंड कांट) में सर्वे किया गया। यह सर्वे महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली की टीम द्वारा किया गया।

टीम में डॉ. अजय त्रिवेदी, डॉ. अफसाना, डॉ. निवेदिता त्रिवेदी, डॉ. रफ्फन अली और डॉ. विश्वदीप सिंह सहित सोशल वर्क विभाग के 25 छात्र शामिल रहे। जल निगम (ग्रामीण) शाहजहांपुर की ओर से सहायक अभियंता सौरभ पाठक, पंकज गंगवार, चेतन मिश्रा, रंजन कुमार, जूनियर इंजीनियर दीपेंद्र सिंह, जिला समन्वयक डीपीएमयू स्वप्निल मिश्रा, आईएसए आईईसी कोऑर्डिनेटर पर्वेश गंगवार तथा फर्म एनसीसी लिमिटेड के जे.जी.एम. कृष्णम राजू भी मौजूद रहे। टीम ने गांवों में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और योजना के लाभ के बारे में ग्रामीणों, विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत की। छात्रों ने घर-घर जाकर लाभार्थियों से योजना से मिलने वाले लाभ, स्वास्थ्य में आए बदलाव, सामाजिक व्यवहार में सुधार, रोजगार के अवसर, शिक्षा की स्थिति और महिलाओं की स्थिति में आए बदलाव के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान तीनों गांवों में पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से मिलती पाई गई।

# हाइड्रोलिक जैक से 80 सेंटीमीटर ऊंचा हो रहा गर्रा नदी का पुल



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** न्यू सिटी ककरा क्षेत्र में गर्रा नदी पर बने पुल को बाढ़ के खतरे से बचाने के लिए उसकी ऊंचाई बढ़ाई जा रही है। सेतु निगम की तकनीकी टीम हाइड्रोलिक पावर जैक मशीनों की मदद से पुल को करीब 80 सेंटीमीटर तक ऊपर उठा रही है।

अधिकारियों के अनुसार आधुनिक तकनीक से पुल को बिना नुकसान पहुंचाए धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से ऊपर किया जा रहा है। तय ऊंचाई तक पुल को उठाने के बाद उसके आधार और दोनों ओर के संपर्क मार्ग को भी उसी के अनुसार मजबूत बनाया जाएगा। बताया गया है कि इस परियोजना पर लगभग 4 करोड़ 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। निर्माण कार्य को सुरक्षित तरीके से करने के लिए फिलहाल पुल पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिसके कारण लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आना-जाना पड़ रहा है। सेतु निगम के अधिकारियों का कहना है कि काम तेजी से कराया जा रहा है और करीब तीन महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पुल की ऊंचाई बढ़ने के बाद बरसात और बाढ़ के समय क्षेत्र के लोगों को होने वाली दिक्कतों से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

# होली मिलन और रोजा इफ्तार एक साथ व्यापारियों ने दिया भाईचारे का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बहादुरगंज इकाई ने एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया। बैक बैंकर्स कैफे में हुए इस कार्यक्रम में व्यापारियों ने एक साथ होली मिलन और रमजान इफ्तार मनाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन बहादुरगंज इकाई के अध्यक्ष कंचन गुप्ता के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने की, जबकि महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के सानिध्य में यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सबसे खास पल तब देखने को मिला जब हिंदू व्यापारियों ने आगे बढ़कर अपने मुस्लिम भाइयों को रोजा इफ्तार कराया। इसके बाद सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर फूलों की होली खेली और प्रेम व भाईचारे के साथ होली का उत्सव मनाया। जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने सभी को होली और रमजान की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यापारियों को अपनी मजबूती के लिए हमेशा एक-दूसरे के साथ मिलकर रहना चाहिए। वहीं महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले में हिंदू-मुस्लिम एकता की एक बड़ी मिसाल है। इस अवसर पर प्रांतीय संयुक्त महामंत्री नारायण दास अग्रवाल, प्रांतीय मंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, जिला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता और युवा जिला अध्यक्ष उवैस हसन खां ने भी उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने किया। अंत में बहादुरगंज इकाई अध्यक्ष कंचन गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष सुशील दीक्षित, असलम खां, महानगर वरिष्ठ मंत्री रेहान मिर्जा, महानगर मंत्री सरताज अली, पचराहा इकाई अध्यक्ष इकबाल खां ह्लकीह्व, शादाब, प्रमोद मल्होत्रा, कपड़ा एसोसिएशन अध्यक्ष अखिल मिश्रा, अनीस राजा, नदीम, गुड्डू, मयंक गुप्ता समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 193 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नगर के मैरिज लॉन में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ददरौल, कांट, भावलखेड़ा और मदनापुर ब्लॉक के कुल 193 पंजीकृत जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद सिंह रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कन्यादान मानव जीवन का सबसे बड़ा दान होता है, जिसे माता-पिता अपनी बेटी के विवाह के समय करते हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बहुत सहायक साबित हो रही है, क्योंकि कई परिवार अपनी बेटियों का विवाह करने में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना भी उनमें से एक महत्वपूर्ण योजना है। कार्यक्रम में वर-वधू को सरकार की ओर से उपहार भी दिए गए। दूल्हों को पैंट-शर्ट, गैस चूल्हा, बर्तन और बैग दिए गए, जबकि दुल्हनों को साड़ी, पायल और बिछिया भेंट की गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कमलेश राजपूत, अधिशासी अधिकारी नूरजहां, नायब निवेदिता ठाकुर, खंड विकास अधिकारी इंद्र शुक्ला सहित कई अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कतारों में खड़ी है जनता, घरेलू सिलेंडर से पनप रहा कारोबार, साहब के जारी फरमान भी धरातल पर बेअसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गैस सिलेंडर पाने के लिए आम जनता आज के समय मे कतारों में खड़ी हैं, भले ही साहब ने कितने ही फरमान क्यों न जारी कर दिए हों पर जमीनी सच्चाई से वह अभी तक अंजान हैं।

बीते बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा था कि किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह से वर्जित है। साहब ने फरमान जारी करने के बाद जमीन पर उतर असल सच्चाई जुटाने की हिमाकत भी नहीं की । जब साहब के आदेशों की जमीनी हकीकत का आंकलन किया गया तो जो तस्वीरें सामने आईं वह बेहद ही शर्मनाक रहीं। शहर के मुख्य चौराहों से लेकर गलियों तक की स्थिति यह थीं कि व्यवसायिक सिलेंडर सिर्फ नाम को थे और घरेलू सिलेंडर धड़ल्ले से उपयोग में थे। वहीं दूसरी ओर आम जनता घरेलू सिलेंडर पाने के लिए कतारों में खड़ी पाई गई। कुछ लोगों का तो यह भी कहना था कि हमे आज जरूरत है जिस सिलेंडर की अगर वह तीन दिन बाद मिलेगा तो घर का चूल्हा तीन दिन तक कैसे जलेगा?


गैस एजेंसी के बाहर लगी वाहनों की कतार


गैस बुकिंग को लेकर जनमानस को बहुत गहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, गैस एजेंसियों द्वारा जो नंबर उपलब्ध कराए गए हैं वह नंबर लग नहीं रहे हैं, किताब में जो नंबर गैस बुकिंग का दे रखा है वह भी ऊपर से सिस्टम द्वारा सब बंद कर रखा है। सिस्टम पूर्ण रूप से फेल है ऑफिस द्वारा बोल दिया जाता है कि सर्वर पूर्ण रूप से खराब है। खुद से कंपनी जाकर बुकिंग करनी पड़ रही है, आज ही मैने खुद आफिस जाकर बुकिंग की है जहां पर काफी भीड़ थी काफी लोग परेशान थे। **(शैली शर्मा, व्यापारी)**

हमारी टीमें लगी हुईं हैं, अगर ऐसी कोई घटना सामने आती है तो विधिक कार्यवाही की जाएगी। **(विकास कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी)**

## अमरिया में गैस सिलेंडर के लिए हाहाकारः कड़ी धूप में लगीं लंबी कतारें, OTP न आने से उपभोक्ता परेशान

**पीलीभीत।** जिले के अमरिया तहसील क्षेत्र में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रसूल फरदिया स्थित भारत गैस एजेंसी पर आज बड़ी संख्या में लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए उमड़ पड़े, जिससे एजेंसी के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं।कड़ी धूप में उपभोक्ता घंटों लाइन में खड़े रहकर अपना नंबर आने का इंतजार करते नजर आए। कई लोगों ने बताया कि वे सुबह से ही यहां पहुंचे हैं, लेकिन सिलेंडर मिलने में अभी भी देरी हो रही है। मुख्य समस्या ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) न आने की है, जिसके कारण गैस वितरण की प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हो रही है।उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग या डिलीवरी सिस्टम में ओटीपी आने में बार-बार दिक्कत हो रही है। नेटवर्क समस्या, सर्वर डाउन या अन्य तकनीकी खराबी के चलते ओटीपी समय पर मोबाइल पर नहीं पहुंच पा रहा, जिससे सिलेंडर जारी करने में देरी हो रही है। इससे लोगों को दोहरा झटका लग रहा है—एक तरफ लंबी प्रतीक्षा, दूसरी तरफ तेज धूप में खड़े रहने की मजबूरी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या पिछले कुछ दिनों से जारी है और कई परिवारों में खाना बनाने में असुविधा हो रही है।


सिलेंडर बुक करने पर तीन दिन बाद की बुकिंग दिखा रहा है, एक तरफ अधिकारी कह रहे गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं तो अगर कमी नहीं तो तीन दिन बाद की बुकिंग क्यों, अगर आज जरूरत है और तीन दिन बाद गैस सिलेंडर मिलेगा तो तीन दिन घर का चूल्हा कैसे जलेगा? **(नेहा सक्सेना, ग्रहणी)**

# दो पक्षों के विवाद में युवक से मारपीट, हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय


हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस

**पीलीभीत।** जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव जतीपुर में दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। दुसरे समुदाय के लोगों ने युवक के साथ मारपीट की युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने बिना पुलिस के सूचना इलाज से इनकार कर दिया। इस पर स्वजन और डाक्टरों के बीच तीखी नोकझोंक होने के कारण मामला और गरमा गया। उसके बाद स्वजन घायल को लेकर निजी अस्पताल चले गए।

जतीपुर निवासी महेंद्रपाल का गुरुवार को दूसरे समुदाय के कुछ युवकों से विवाद हो गया था। इसमें मारपीट हुई। आरोप है कि महेंद्रपाल की आरोपितों ने पिटाई कर दी। दोपहर में दोनों पक्ष पुलिस चौकी जा रहे थे। मगर, रास्ते से ही वापस आने लगे। इस बीच आरोपियों ने महेंद्रपाल को घेरकर दोबारा पिटाई कर दी। बचाने आए लोगों को भी हमला करके पीटा गया। इसमें महेंद्रपाल गंभीर रुप से घायल हो गए। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के चलते सांप्रदायिक रंग दिया जाने लगा। इसे लेकर तनाव के हालात बन गए। ग्रामीण व परिवार वाले घायलों को लेकर जिला अस्पताल आ गए। यहां पर अस्पताल में भर्ती किए जाने को लेकर स्वजन और ग्रामीणों की डाक्टरों से बहस हो गई। जानकारी मिलने पर हनुमान दल समेत अन्य के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। सीएमएस डा.रमाकांत सागर भी मौजूद थे। कार्यकताओं की सीएमएस से नोकझोंक हो गई। काफी देर तक हंगामा चलता रहा। उधर, तनाव को देखते हुए पुलिस ने गांव में सुरक्षा बढ़ा दी।

सीओ सदर नताशा गोयल भी दो थानों की पुलिस के साथ पहुंच गई और घायल के स्वजन को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया जाता रहा। फिलहाल घायल को परिवार वालों ने बाद में निजी अस्पताल भर्ती करा दिया है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार बिश्नोई का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## सऊदी अरब में असजद रजा खां की गिरफ्तारी पर रोष

**पूरनपुर।** शहजादा-ए-ताजुश्शरिया, काजी-ए-हिंदुस्तान हजरत असजद रजा खां की सऊदी अरब में गिरफ्तारी की खबर पर बरेली मसलक से जुड़े लोगों में रोष देखा गया। इस संबंध में लोगों ने भारत सरकार से उनकी सकुशल वतन वापसी की मांग की है। पैगाम-ए-अमन काउंसिल के सदर और पूर्व सभासद तौफीक अहमद कादरी ने कहा कि बरेली मसलक के आला हजरत के परपोते और शहजादा-ए-ताजुश्शरिया हजरत असजद रजा खां उमरा अदा करने के लिए सऊदी अरब गए थे। वहां उन्होंने दीन-ए-इस्लाम की बात कही। उनका कहना है कि वहां नजदी हुकूमत होने के कारण सच और हक की बात कहना जुर्म समझा जाता है, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी से सच को दबाया नहीं जा सकता। इस घटना से पूरे विश्व में बरेली मसलक के करोड़ों लोगों को गहरी ठेस पहुंची है। तौफीक अहमद कादरी ने भारत सरकार से मांग की कि इस मामले में सऊदी अरब के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया जाए और असजद रजा खां की सकुशल वतन वापसी सुनिश्चित की जाए।

मांग करने वालों में मुख्य रूप से तौफीक अहमद कादरी, नादिर रजा बरकाती, शराफत अली, जमील अहमद नूरी, सरताज अहमद, आसिम रजा बबलू, हाफिज रफीक अहमद और शरीफ अहमद कादरी आदि शामिल रहे।

## निशक्त जन सेवा संस्थान के कैम्प में अब स्वास्थ्य के साथ दी जाएगी विधिक सेवा

**पीलीभीत।** निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा हमेशा की तरह एक भव्य स्वास्थ्य एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य के ही विधिक सहायता भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस बार के शिविर की मुख्य विशेषता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) सतीश कुमार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इससे पूर्व, माननीय सांसद प्रतिनिधि देव स्वरूप पटेल और परवेज हनीफ ने मुख्य अतिथि को बुके भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम, जिसमें बाल कल्याण समिति के सदस्य परवेज हनीफ व बबिता सक्सेना शामिल रहे, ने उपस्थित जन समुदाय को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कैंप मे खासतौर से दहेज प्रथा और दहेज कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई और दहेज लेने और देने को रोकने की अपील की गई।महिलाओं को बताया गया कि किस प्रकार दहेज के कारण बेटियों कि जिन्दगी खराब हो रही हैं और इससे समाज को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। बताया गया कि आज के पढ़े लोखे समाज मे दहेज के कारण विवाह मे बधा और महिलाओं की हत्या और तलाक जैसे मामले बेहद चिंता और शर्म की बात है।प्राधिकरण के सचिव सतीश कुमार ने संस्थान के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि भविष्य में भी प्राधिकरण द्वारा संस्थान में हर माह नियमित रूप से विधिक शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से आज का दिन अत्यंत सफल रहा, जिसमें कुल 193 मरीजों का पंजीकरण हुआ। रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बरेली से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सभी की गहन जांच की।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते किसान नेता

# मोहम्मद आरिफ ने पेश की समाज सेवा और मानवता की मिसाल

- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्व. रुकईया आरिफ की
- बरसी पर करवाते हैं फातिहा और इफ्तार कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय


फातिहा और इफ्तार कार्यक्रम

**पीलीभीत।** रमजान का पवित्र महीना हमेशा ही सामाजिक संवेदनाओं, मानवता और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। मरहूम अहलिया रुकैया आरिफ की बरसी पर आयोजित फातिहा और इफ्तार कार्यक्रम ने यही संदेश दिया कि धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग फैलाने का भी माध्यम बन सकता है।

मोहम्मद आरिफ के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावनाओं को जीवित रखा, बल्कि बच्चों और गरीबों के लिए सामाजिक जिम्मेदारी का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। फातिहा के बाद मदरसा गुलशने फातिमा न्योरिया में 400-500 बच्चियों को इफ्तार कराना इस बात का परिचायक है कि सच्चा नेतृत्व केवल राजनीतिक मंच पर नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक जरूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने में भी दिखाई देता है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि मोहम्मद आरिफ न केवल समाज सेवा में अग्रणी रहे हैं, बल्कि हर वर्ष बरसी, होली, ईद और अन्य सामाजिक अवसरों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर प्रेम, सौहार्द और सहयोग का संदेश फैलाते हैं। इस प्रकार की पहल समाज में न केवल भाईचारे की भावना को मजबूत करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती है।

राजनीतिक दृष्टि से भी मोहम्मद आरिफ की सक्रियता उल्लेखनीय है। 127 विधानसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार के रूप में उनकी छवि एक प्रभावशाली नेता की है, जो समाजसेवा और धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में समान रूप से सक्रिय हैं। यही संतुलित दृष्टिकोण उन्हें न केवल लोकप्रिय बनाता है, बल्कि उनके नेतृत्व की विशिष्टता भी स्पष्ट करता है।

बरसी पर आयोजित यह कार्यक्रम दिखाता है कि धर्म, मानवता और नेतृत्व का संगम समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में मार्गदर्शक हो सकता है। मोहम्मद आरिफ ने इस आयोजन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि जब नेतृत्व और समाज सेवा का संगम होता है, तो परिणाम केवल समारोह तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज में स्थायी सकारात्मक प्रभाव भी पैदा होते हैं। समाज के लिए इस तरह की पहल हमेशा सराहनीय होती है और यह उम्मीद जगाती है कि आने वाले समय में और अधिक नेता अपने राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक कर्तव्यों का ऐसा संतुलित पालन करेंगे। मोहम्मद आरिफ का यह कार्यक्रम न केवल एक स्मृति कार्यक्रम था, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता की जीवंत मिसाल भी पेश करता है।


## शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने को व्यापारियों ने की चर्चा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई ने आगामी 18 मार्च को होने वाले कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया। ओम लॉन हुई बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रवि शर्मा ने की।बैठक का संचालन नगर महामंत्री हरिपाल यादव ने किया। बैठक में आगामी 18 मार्च को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी एवं जिला महामंत्री स्वतंत्र देवल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। बैठक में नगर इकाई के पदाधिकारियों एवं व्यापारी बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संकल्प लिया। इस बैठक में नगर उपाध्यक्ष राहुल गजवानी,कोषाध्यक्ष प्रतिपाल सिंह,उमेश पटेल,हरदीप सिंह ढिल्लो,हर्षल जैसवार,डब्बू पटेल, शोभित द्विवेदी,पारस शर्मा,प्रतीक सक्सेना,मोहित सहगल,अमित गुप्ता,सपन मिश्रा,नीरज कुमार उपस्थित रहे।



## पूरनपुर में रूबेला टीकाकरण शिविर का आयोजन, 300 बच्चों को लगाए गए टीके

**पूरनपुर।** स्थानीय रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 12 फरवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर की ओर से रूबेला टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा एक से पांच तक के लगभग 300 विद्यार्थियों को रूबेला के टीके लगाए गए। टीकाकरण से पूर्व सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ली गई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का सुरक्षित तरीके से टीकाकरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ कार्यालय प्रमुख हरीश, यवेंद्र, नितिन अग्रवाल, चेतन जायसवाल, पुष्पा रानी तथा पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप अग्निहोत्री उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम विशाखा, शबनम और प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव कुमार भी मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के टीकाकरण अभियान बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


रूबेला टीकाकरण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम व अन्य




## भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव बने डॉ अनिल सक्सेना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारत विकास परिषद एनसीआर-1 रोहिलखंड पूर्व प्रांत सत्र 2026-27 के लिए डॉ. अनिल सक्सेना को प्रांतीय महासचिव रूप में नियुक्त किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर टाईगर शाखा ने उनका स्वागत किया। टाईगर शाखा भारत विकास परिषद की ओर से सभी सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, सफल कार्यकाल और निरंतर प्रगति की मंगलकामना करी हैं। जगदीश सक्सेना ने कहा कि हमें विश्वास है कि डॉ अनिल के मार्गदर्शन में समाजसेवा की लौ और प्रखर होगी तथा परिषद का नाम गौरव के साथ जिले में गूंजेगा।

इस दौरान विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों के पदाधिकारियों ने वर्तमान प्रान्त संगठन मंत्री तथा रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना को बधाई दीं। शुभकामनाएँ देने वालों में भारत विकास परिषद राष्ट्रीय महासचिव सुनील खेड़ा, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष संजीव जोली, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नितिन डालब, पूर्व क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दूरबुश, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव नरेंद्र अरोड़ा, प्रांतीय पूर्व संरक्षक प्रभात सक्सेना, प्रांतीय पूर्व महासचिव राहुल यदुवंशी, पुरातन छात्र कल्याण संघ समिति महासचिव डॉ. हरिशंकर मिश्रा, नीमा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अश्वनी सचदेव, प्रांतीय पर्यावरण संयोजक अनिल मेंनी, भाजपा नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ. अनुरीता सक्सेना, जिला प्रभारी डॉ. एसपीएस संधू, शाखा अध्यक्ष रवि देव शर्मा एवं सचिव जगदीश सक्सेना, रोटरी क्लब पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज गुप्ता व सतीश जायसवाल, रोटरी क्लब सचिव कपिश अग्रवाल, नीमा पीलीभीत अध्यक्ष डॉ. दुष्यंत त्यागी एवं सचिव डॉ. अटल मनी, उपाधि महाविद्यालय संयुक्त सचिव डॉ. प्रदीप अग्रवाल, जिला अध्यापक संघ अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा सहित अनेक शुभचिंतकों ने बधाइयां दी।


अनिल सक्सेना

## बॉलीवुड गायिका पूजा ठाकरे देंगी प्रस्तुति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** क्षेत्र के युवाओं के लिए एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन फिएस्टा-2026 का आयोजन बाला देवी रोशन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में किया जाएगा।कार्यक्रम में बॉलीवुड की चर्चित गायिका पूजा ठाकरे अपनी शानदार लाइव प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन बाला देवी रोशन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रत्नेश गंगवार की पहल और नेतृत्व में किया जा रहा है। वहीं संस्थान की अध्यक्ष तथा पीलीभीत जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार भी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आयोजकों के अनुसार इऊ्छ फिएस्टा-2026 का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में डीजे, नृत्य प्रस्तुतियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्टार नाइट जैसे कई रंगारंग आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण बॉलीवुड गायिका पूजा ठाकरे के लोकप्रिय गीत और मंचीय अंदाज होगा।

कार्यक्रम को लेकर संस्थान परिसर में जोरों से तैयारी चल रही हैं। रत्नेश गंगवार ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि संस्थान हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता रहा है। आयोजकों ने कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों की अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की है।

# रितेश शुक्ला ने विश्व पटल पर रौशन किया जिले का नाम

## कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ डिजिटल इंडिया पर चर्चा, घुंघचाई में हर्ष की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद के पूरनपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम घुंघचाई के लिए यह गौरव का क्षण है। क्षेत्र के मूल निवासी रितेश शुक्ला वर्तमान में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया इंटरनेशनल के सीईओ और ग्लोबल हेड के रूप में विश्व स्तर पर भारत की डिजिटल शक्ति का नेतृत्व कर रहे हैं। हाल ही में मुंबई में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान रितेश शुक्ला ने कनाडा के माननीय प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने भारत के 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' और 'यूपीआई' की वैश्विक स्वीकार्यता, वित्तीय समावेशन और भुगतान प्रणालियों के लोकतंत्रीकरण पर विस्तार से चर्चा की।

भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और यूपीआई की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता के बीच नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व ने मुंबई में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से शिष्टाचार भेंट की। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान एनपीसीआई समूह के पदाधिकारियों ने भारत में डिजिटल परिवर्तन, वित्तीय समावेशन और भुगतान के लोकतंत्रीकरण की दिशा में किए गए क्रांतिकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

विचार-विमर्श के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि किस प्रकार यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों ने भारत में वित्तीय लेनदेन के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड द्वारा सीमा पार डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों ने वैश्विक स्तर पर गहरी रुचि पैदा की है। यह बातचीत अंतर-संचालित और सीमा पार डिजिटल भुगतान प्रणालियों के प्रति बढ़ते अंतरराष्ट्रीय रुझान को भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है।

इस महत्वपूर्ण संवाद में एनपीसीआई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ दिलीप अस्बे और एनपीसीआई इंटरनेशनल के मुख्य कार्यकारी रितेश शुक्ल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट हुआ है कि भारत का डिजिटल भुगतान मॉडल अब केवल घरेलू सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर के विकसित देशों के लिए भी एक आदर्श बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार की साझेदारियां भविष्य में वैश्विक डिजिटल भुगतान तंत्र को और अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही हैं।

रितेश शुक्ला की इस अभूतपूर्व सफलता का समाचार जैसे ही उनके पैतृक गांव घुंघचाई पहुंचा, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय रौशन लाल शुक्ल के अनुज और पूरनपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवसागर शुक्ल के पौत्र तथा नीशिथ शुक्ला के पुत्र रितेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1 से 5 तक) अपने पैतृक गांव घुंघचाई की माटी में ही प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा बिरला मंदिर, रानीखेत से पूर्ण की। उच्च शिक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीकॉम किया और फिर दिल्ली के प्रतिष्ठित फोर्ड स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए की डिग्री हासिल की।

ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और फिनटेक जगत के शिखर तक पहुँचने वाली रितेश शुक्ला की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है। उनके परिवार और शुभचिंतकों का मानना है कि रितेश ने न केवल अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है, बल्कि आज वे दुनिया के विकसित देशों के साथ भारत की डिजिटल तकनीक को साझा करने में मुख्य सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। पैतृक आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और ग्रामीण इसे जनपद पीलीभीत के लिए एक ऐतिहासिक गौरव मान रहे हैं।

रितेश के परिवार के पीयूष शुक्ला एडवोकेट प्रशांत शुक्ला सिद्धार्थ शुक्ला व धीरज शुक्ला ने इस परिवार के लिए गर्व की बात बताते हुए बधाइयां दी हैं।


कनाडा के प्रधानमंत्री से भेंट करते रितेश शुक्ला

# हार्दिक पांड्या के खिलाफ शिकायत दर्ज

## जीत के जश्न के दौरान तिरंगे के अपमान का आरोप

एजेंसी समाचार

**बंगलूरू।** भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत के जश्न के बाद स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एक नए विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने दी है, जिन्होंने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन सौंपकर क्रिकेटर के खिलाफ जांच और कार्रवाई की अपील की है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह शिकायत बंगलूरू के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है, वहीं न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बताया है कि यह शिकायत पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। इस मामले में वाजिद ने पुलिस से हार्दिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत के मुताबिक, भारत की जीत के बाद खिलाड़ियों के जश्न के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। इन वीडियो में पांड्या को कंधे पर तिरंगा लपेटकर मैदान पर दौड़ते और डांस करते हुए देखा जा सकता है। वकील का आरोप है कि जश्न के दौरान एक वीडियो में पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे हुए दिखाई देते हैं, जबकि उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा लिपटा हुआ था। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह का व्यवहार राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है।

वाजिद खान बिडकर ने कहा कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए कानून भी मौजूद है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस मामले में राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े कानून का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, 'आपने टी20 वर्ल्ड कप देखा होगा। हार्दिक पांड्या अपनी जीत का जश्न मनाते हुए अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डांस कर रहे थे। उनके पीछे राष्ट्रीय ध्वज बंधा हुआ था। 1971 के राष्ट्रीय ध्वज कानून की धारा दो के अनुसार हमें राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। लेकिन हार्दिक पांड्या जीत के जश्न में इतने खो गए थे कि वे अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लेटे हुए थे और उस समय भी राष्ट्रीय ध्वज उनके शरीर पर था। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।'





वकील ने बताया कि शुरूआत में पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए वहां शिकायत करनी चाहिए। हालांकि उन्होंने यह तर्क दिया कि राष्ट्रीय ध्वज पूरे देश का प्रतीक है और इसकी गरिमा से जुड़ा मामला कहीं भी उठाया जा सकता है।

उन्होंने कहा, 'मैंने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। जब मैं शिकायत करने गया तो उन्होंने कहा कि घटना यहां नहीं हुई है। तब मैंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज पूरे देश का प्रतीक है, इसलिए यहां भी शिकायत की जा सकती है। उन्होंने मेरी शिकायत स्वीकार कर ली और उसकी कॉपी भी दी है। अब देखते हैं आगे क्या होता है।'

दूसरी ओर हार्दिक पांड्या ने टी20 वर्ल्ड कप जीत को अपने व्यक्तिगत संकल्प की पूर्ति बताया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ शुरूआत है और टीम आगे भी ट्रॉफियां जीतना चाहती है। पांड्या ने कहा, '2024 में बारबाडोस में मिली जीत के बाद मैंने खुद से वादा किया था कि जिस भी टूर्नामेंट में खेलूंगा, जीतने के लिए खेलूंगा और ट्रॉफी उठाऊंगा। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली यह जीत इस बात का प्रमाण है कि मेरा वह वादा सच हो गया। और यह तो बस शुरूआत है।'

## वर्ल्डकप जीतकर घर लौटे क्रिकेटर्स का जोरदार स्वागत

### सूर्या बोले- हमारा अगला टारगेट ओलिंपिक गोल्ड, ईशान ने बच्चों के साथ क्रिकेट खेला





**मुंबई (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय प्लेयर्स अपने-अपने घर पहुंच रहे हैं। जहां सभी का जोरदार स्वागत किया जा रहा है। मुंबई में कप्तान सूर्यकुमार यादव, पटना में ईशान किशन और दिल्ली में हेड कोच गौतम गंभीर का ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत हुआ। मुंबई में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा- हमारा अगला गोल है - 2028 में भारत के लिए ओलिंपिक गोल्ड जीतना। उसी साल टी-20 वर्ल्ड कप भी होगा, इसलिए हम टी20 हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश करेंगे।

## धोनी आईपीएल 2026 में सभी मैच खेलेंगे

- सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने दिए जवाब

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा कि अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आने वाले एडिशन में सभी मैच खेल सकते हैं, साथ ही यह भी कहा कि उनके खेलने के रोल पर आखिरी फैसला टीम मैनेजमेंट करेगा। आईपीएल का 19वां एडिशन 28 मार्च से शुरू होने वाला है और सभी फ्रेंचाइजी ने इस कैश-रिच इवेंट की तैयारी के लिए अपने ट्रेनिंग कैंप शुरू कर दिए हैं। हाल ही में खत्म हुए टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा रहे खिलाड़ी जल्द ही अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ेंगे और टूर्नामेंट के लिए ट्रेनिंग शुरू करेंगे।

## भारत सिर्फ घरेलू पिचों पर 200+ रन नहीं बनाता: कोच गंभीर

- लग गया था कि संजू बेहतर करेगा, आंकड़े नहीं, अंतरात्मा की आवाज पर चलता हूं

### मेरा काम सुपरस्टार नहीं, सुपर टीम बनाना है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने कई मुद्दों पर बात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने भारतीय पिचों पर उठे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि टी-20 बैटर्स का खेल है और भारत ने विदेशों में भी 200 से ज्यादा स्कोर बनाया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका में भी ऐसा स्कोर बनाया है। टीम इंडिया ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ भारत तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन गया और साथ ही टाइटल डिफेंड करने वाला पहला देश भी बन गया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने अपनी कोचिंग फिलॉसफी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य टीम में सुपरस्टार बनाना नहीं बल्कि एक मजबूत सुपर टीम तैयार करना है।



गंभीर ने अपनी कार्यशैली पर बात करते हुए कहा कि वह फैसले लेते समय डेटा से ज्यादा अपनी समझ और अंतरात्मा की आवाज पर भरोसा करते हैं। उन्होंने संजू सैमसन को लगातार मौका देने की वजह, अपनी नियुक्ति और टीम के भविष्य पर भी चर्चा की। साथ ही पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद के ट्रॉफी को मंदिर ले जाने पर दिए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई।

### 'भारत में विकेट तैयार करने का आरोप गलत'

टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पिचों को लेकर उठे सवालों पर टीम इंडिया के हेड कोच ने कहा कि भारत अपने फायदे के लिए पिच तैयार करता है, यह आरोप गलत है और अक्सर ऐसे बयान विवाद और टीआरपी के लिए दिए जाते हैं। गंभीर के मुताबिक टी-20 क्रिकेट अब बैटर्स का खेल बन चुका है और दुनियाभर में बड़े स्कोर बन रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसे देशों में भी 200 से ज्यादा रन बनाए हैं, इसलिए इसे सिर्फ घरेलू पिचों से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट में पिचों की जिम्मेदारी इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल की होती है, बीसीसीआई की नहीं। इसलिए भारत के लिए विकेट तैयार करने का सवाल ही नहीं उठता। गंभीर ने कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने वहां करीब 180 रन बनाए थे, जबकि बाकी टीमें उसी पिच पर करीब 140 रन तक ही पहुंच सकीं, लेकिन तब किसी ने पिच पर सवाल नहीं उठाए। टी-20 मैच में दर्शक बड़े स्कोर देखना चाहते हैं। यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका में भी हाई स्कोरिंग मैच आम हो गए हैं।

### डेटा नहीं, अपनी समझ पर भरोसा करता हूं

गंभीर का कहना है, 'कोच के तौर पर फैसले लेते समय मैं डेटा से ज्यादा अपनी समझ पर भरोसा करता हूं। हर कोच की टीम को लेकर अपनी अलग सोच और नजरिया होता है।' गंभीर ने कहा कि अगर मुझे लगता है कि कोई फैसला टीम के लिए सही है तो उस पर कायम रहता हूं और गलत साबित होने पर जिम्मेदारी भी स्वीकारता हूं। टीम का खेल, व्यवहार और माहौल मेरी अपनी सोच और विजन का हिस्सा है, जबकि भविष्य में आने वाला कोच अपनी सोच के साथ टीम को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर मैं वीवीएस लक्ष्मण और अजीत अगरकर जैसे अनुभवी लोगों से क्रिकेट पर चर्चा करता हूं।

## जसप्रीत बुमराह टी-20 कम, वनडे ज्यादा खेलेंगे

### 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी पर रहेगा फोकस, वर्कलोड मैनेज करेगा बोर्ड

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब टी-20 सीरीज कम खेलेंगे। वे 2027 वर्ल्ड कप तक ज्यादा वनडे मैच खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए यह रणनीति बना रहे हैं। ताकि 2027 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी बेहतर हो सके। बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से लिखा है कि अगले कुछ समय में द्विपक्षीय टी20 सीरीज में बुमराह को कम मौके दिए जा सकते हैं।



**बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद वनडे नहीं खेला-** बुमराह ने 19 नवंबर 2023 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वनडे क्रिकेट खेलने उतरे थे।

**2027 वर्ल्डकप तक टी-20 की प्राथमिकता कम-** अक्टूबर-नवंबर 2027 तक टी20 इंटरनेशनल टीम के लिए कम प्राथमिकता वाला फॉर्मेट माना जा रहा है। इसी दौरान जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर सकते हैं। अब आईसीसी का अगला टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्डकप होगा। उसी साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेला जाएगा। 2028 में अगला टी-20 वर्ल्ड कप, ओलिंपिक गेम्स और चैंपियंस ट्रॉफी शेड्यूल्ड हैं।

**आईपीएल के बाद तैयार होगी रणनीति-** आईपीएल के बाद सिलेक्शन कमेटी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और टीम मैनेजमेंट मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। आईपीएल में बुमराह मुंबई इंडियंस के पेस अटैक की अगुआई करने वाले हैं।

### बड़े टूर्नामेंट में बुमराह की फिटनेस अहम

भारत के बड़े टूर्नामेंट अभियानों में बुमराह की फिटनेस बेहद अहम रहती है। ऐसे में उनके मैचों और फॉर्मेट को लेकर काफी सावधानी बरती जाएगी। बुमराह पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 14 विकेट झटके। वे अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द फाइनल भी चुने गए थे।

## खुदरा महंगाई दर फरवरी में 3.21 प्रतिशत पर पहुंची, जानिए क्या कह रहे सरकार के आंकड़े

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट और वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारत के लिए एक और चिंता वाली खबर है। फरवरी महीने में देश की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.21% हो गई है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में दर्ज की गई है जब ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच चल रहे विवाद ने वैश्विक तेल सप्लाई को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है।



जनवरी में खुदरा महंगाई दर यानी सीपीई 2.75% थी, जो फरवरी में बढ़कर 3.21% हो गई है। यह बढ़ोतरी शहरों के मुकाबले गांवों में ज्यादा महसूस की जा रही है। फरवरी में ग्रामीण महंगाई दर 3.37% और शहरी महंगाई दर 3.02% दर्ज की गई। राहत की बात सिर्फ इतनी है कि यह आंकड़ा अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4% के लक्ष्य से नीचे है।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश में महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण खाने-पीने की चीजें हैं। फरवरी में खाद्य महंगाई दर तेजी से उछलकर 3.47% हो गई है, जो जनवरी में 2.13% थी। आम आदमी के लिए रहना और खाना लगातार महंगा होता जा रहा है। हाउसिंग की बात करें तो महंगाई 2.05% से बढ़कर 2.12% हो गई है। ईंधन और लाइट कैटेगरी में महंगाई दर 0.14% रही। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई 2.19% से गिरकर 1.90% पर आ गई है। वहीं कपड़े और जूतों की महंगाई दर भी जनवरी के 2.98% से घटकर 2.81% रह गई है।

## वैश्विक तनाव के बीच चांदी की चमक बढ़ी, भाव २.७६ लाख रुपये प्रति किलो के पार; सोना नरम

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक रुझानों के बीच गुरुवार को दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। वहीं, दूसरी ओर सोने की कीमतों में पिछले तीन दिनों से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया है। बाजार विशेषज्ञ इस विपरीत चाल को डॉलर की मजबूती और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से जोड़कर देख रहे हैं।

**चांदी और सोने के ताजा भाव क्या हैं?**

ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, सफेद धातु (चांदी) की कीमत 1,500 रुपये या 0.54 प्रतिशत उछलकर 2,76,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई है। गौरतलब है कि इससे पहले बुधवार को चांदी 4,275 रुपये की भारी गिरावट के साथ 2,75,000 रुपये पर बंद हुई थी। इसके विपरीत, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 400 रुपये गिरकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,65,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, जिसके साथ ही सोने की तीन दिवसीय रैली समाप्त हो गई।

**सोने और चांदी की कीमतों में उल्टी चाल का क्या कारण है?**

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि निवेशक मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और अमेरिकी मैक्रोइकोनॉमिक संकेतों का बारीकी से आकलन कर रहे हैं। लेमन मार्केट्स डेस्क के रिसर्च एनालिस्ट गौरव गर्ग के अनुसार, "मजबूत डॉलर और महंगाई की चिंताओं के कारण सोने में मामूली गिरावट आई है। दूसरी ओर, अमेरिका-ईरान तनाव के बीच ट्रेडर्स को चांदी में खरीदारी के बेहतरीन अवसर दिख रहे हैं, जिससे इसमें मजबूती बनी हुई है।" अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.25 डॉलर (1.47%) की शानदार बढ़त के साथ 86.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वहीं, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 5,178.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा।



**बाजार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण क्या हैं?**

कच्चे तेल से सीधा कनेक्शनः मिराए एसेट शेयरखान के रिसर्च एनालिस्ट प्रवीण सिंह ने बताया कि हाजिर सोना कच्चे तेल की कीमतों के विपरीत 5,100-5,250 डॉलर प्रति औंस के संकीर्ण दायरे में कारोबार कर रहा है। ईरान ने चेतावनी दी है कि फारस की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों और बढ़ते तनाव के कारण कच्चा तेल 200 डॉलर प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकता है।

मुद्रास्फीति और मजबूत डॉलरः एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) सौमिल गांधी के मुताबिक, अमेरिका के हालिया उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में मध्य पूर्व संकट के बाद ईंधन की बढ़ती लागत का पूरा असर अभी तक प्रतिबिंबित नहीं हुआ है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और मजबूत आर्थिक आंकड़ों ने अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और डॉलर को समर्थन दिया है, जिससे कीमती धातुओं पर दबाव बना है।

सरार्फा बाजार में आगे क्या हो सकता है?

बढ़ती कीमतों के दबाव के कारण प्रमुख केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती को लेकर सतर्क रुख अपना सकते हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी के अनुसार, अब निवेशकों की नजर शुक्रवार को जारी होने वाले अमेरिकी 'कोर पर्सनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर' (पीसीई) प्राइस इंडेक्स और जीडीपी के आंकड़ों पर टिकी है। ये आंकड़े अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों की भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## क्रूड का खौफनाक सफर: मिसाइलों के साये में भारत तक कैसे पहुंच रहा है आपका पेट्रोल और गैस?

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** आपके गाड़ी की पेट्रोल हो गया घर में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस, क्या आपने कभी सोचा है पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के माहौल में यह भारत तक कैसे पहुंच रहा है? अगर नहीं तो हम आज आपको इस बारे में एक ऐसी कहानी बताएंगे जो हॉलीवुड की किसी थ्रिलर फिल्म से कम नहीं है। इस कहानी के केंद्र में है एक भारतीय कप्तान की अगुवाई में चलाया जा रहा 'शेनलोंग सुएजमैक्स' तेल टैंकर, जिसने मिसाइलों के साये से बचते हुए 1,35,335 मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर होर्मुज होते हुए मुंबई बंदरगाह तक की सुरक्षित यात्रा तय की है।

आइए आसान भाषा में समझते हैं कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को चालू रखने के लिए जहाजों को किन खतरों से गुजरना पड़ रहा है और यह हमारी पूरी यात्रा और दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए क्यों जरूरी है?

**जहाज के डार्क मोड में समुद्री सफर का क्या मतलब है?**

समुद्री व्यापार में जहाजों की पहचान, उनकी स्थिति और आवाजाही के लिए 'ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम' का इस्तेमाल होता है। यह सिस्टम इसलिए होता है ताकि दूसरे जहाजों और तटीय अधिकारियों को जानकारी मिलती रहे और समुद्र में कोई दुर्घटना न हो। लेकिन खतरे को देखते हुए इस सिस्टम को बंद कर दिया जाता है, जिससे जहाज समंदर में पूरी तरह से 'अदृश्य' या अनट्रेसेबल हो जाता है। 'शेनलोंग सुएजमैक्स' के कैप्टन ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार करते समय यही किया और 'डार्क मोड' में चले गए।

**समंदर में ट्रैकिंग 'सिस्टम' बंद करने की नौबत क्यों आई?**

इस इलाके में फिलहाल भारी जंग का माहौल है। जब से ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल का सैन्य अभियान शुरू हुआ है, ईरानी सेना ने रणनीतिक रूप से बेहद अहम 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। यह वही समुद्री रास्ता है जहां से दुनिया के समुद्री तेल व्यापार का करीब एक चौथाई हिस्सा और रोजाना 2 करोड़ बैरल से ज्यादा कच्चा तेल गुजरता है। पिछले दो हफ्तों में ईरान द्वारा कम से कम 16 जहाजों पर हमला किया जा चुका है और उसने इस क्षेत्र में आगे भी हमलों की चेतावनी दी है।




**भारत के लिए यह कार्गो और रूट कितना जरूरी था?**

ऊर्जा जरूरतों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। लाइबेरिया के झंडे तले चल रहे इस टैंकर में सऊदी अरब के रास तनूरा बंदरगाह से लोड किया गया 1,35,335 मीट्रिक टन कच्चा तेल था। 9 मार्च को सिग्नल बंद करने के बाद यह जहाज एक दिन बाद वापस ट्रैकिंग सिस्टम पर दिखा और बुधवार को सुरक्षित मुंबई पहुंच गया। अब इस कच्चे तेल को उतार कर मुंबई की रिफाइनरियों में भेजा जाएगा, जिससे हमारी दैनिक जरूरतें पूरी होंगी।

**क्या और भी जहाज इसी तरह का जोखिम उठा रहे हैं?**

हां, अपनी सुरक्षा के लिए कई जहाज रडार सिस्टम को बंद करने का सहारा ले रहे हैं। ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, भारत, चीन और जापान जाने वाले दो सबसे बड़े क्रूड कैरियर वीएलसीसी, 3 सुएजमैक्स और एक पैनामैक्स टैंकर कम से कम 48 घंटों से एआईएस ट्रैकिंग सिस्टम से ऑफलाइन रहे हैं।

**खाड़ी क्षेत्र में भारत के अन्य जहाजों और नाविकों की क्या स्थिति है?**

हालात काफी संवेदनशील हैं। भारत सरकार के मुताबिक, फिलहाल फारस की खाड़ी क्षेत्र में 28 भारतीय झंडे वाले जहाज काम कर रहे हैं। इनमें से 24 जहाज (जिन पर 677 भारतीय नाविक सवार हैं) होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में हैं, जबकि चार जहाज (101 नाविकों के साथ) इसके पूर्व में स्थित हैं। खतरे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बुधवार को गुजरात के कांडला पोर्ट आ रहे एक थाई जहाज पर भी इस जलडमरूमध्य में हमला हुआ, जिस पर नई दिल्ली ने कड़ी आपत्ति जताई है। समंदर के रास्ते तेल लाना अब एक बेहद जोखिम भरा काम बन गया है। भारतीय कैप्टन की ओर से 'डार्क मोड' में लाखों टन कच्चे तेल को सुरक्षित मुंबई तक लाना यह दशार्ता है कि दुनिया का ऊर्जा बाजार कितनी अनिश्चितताओं के बीच काम कर रहा है। जब तक पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक हालात सामान्य नहीं होते, आम आदमी के इस्तेमाल होने वाले तेल-गैस की सप्लाई चेन ऐसे ही भारी जोखिम के बीच चलती रहेगी।

## यूपी डिफेंस कॉरिडोर

# आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम, 35 हजार करोड़ का निवेश, 9 इकाइयों में उत्पादन शुरू

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्थित डिफेंस कॉरिडोर (रक्षा गलियारे) के छह नोड्स में नौ प्रमुख विनिर्माण इकाइयों ने अपना संचालन और उत्पादन शुरू कर दिया है। इन नोड्स में अब तक 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश को रक्षा और वैमानिकी विनिर्माण के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है।

बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा 2018 में स्थापित यह रक्षा गलियारा अपने छह रणनीतिक नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट के माध्यम से बड़े निवेश आकर्षित कर रहा है।

बयान के मुताबिक, यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, यूपीडीआईसी के छह नोड्स में नौ प्रमुख विनिर्माण इकाइयों ने अपना


वायरल तस्वीर

संचालन और उत्पादन शुरू कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

रिपोर्ट के अनुसार, यूपीडीआईसी के विभिन्न नोड्स में अब तक 35 हजार 526 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिनमें अब तक अधिग्रहीत 2,040 हेक्टेयर भूमि में से 977.54 हेक्टेयर भूमि उद्योगों को आवंटित की गई है। रिपोर्ट कहती है कि वर्तमान में रक्षा और संबद्ध विनिर्माण के लिए छह केंद्रों में 62 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है और इनमें लगभग 11 कंपनियों के लिए पट्टे (लीज डीड) की प्रक्रिया प्रगति पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा गलियारे के विभिन्न नोड्स में कानपुर में 1,2803 करोड़, झांसी में 11,738 करोड़, लखनऊ 4,850 करोड़, अलीगढ़ 4,490 करोड़, चित्रकूट 880 करोड़ और आगरा में 607 करोड़ रुपये का निवेश आया है।

अधिकारियों के अनुसार, यूपीडीआईसी में कई अग्रणी कंपनियों ने वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इनमें से अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कानपुर में 1,500 करोड़ की लागत से बने गोला-बारूद निर्माण संयंत्र में उत्पादन शुरू किया है, जो कॉरिडोर का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

अधिकारियों के मुताबिक, अलीगढ़ में अमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (330 करोड़ रुपये) ने इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और सैटेलाइट तकनीक का उत्पादन शुरू किया है, जबकि वेरीविन डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड (65 करोड़) और नित्या क्रिएशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (12 करोड़) ने छोटे हथियारों और प्रिसिशन आर्म्स कलपुर्जों का निर्माण शुरू किया है। बयान के अनुसार, लखनऊ नोड रक्षा विनिर्माण का नया केंद्र बन रहा है, जहां एरोलॉय टेक्नोलॉजीज (320 करोड़) ने टाइटेनियम कास्टिंग और डीआरडीओ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस (300 करोड़) ने ब्रह्मोस एनजी मिसाइल प्रणाली के उत्पादन की शुरूआत की है। इसके अलावा संकल्प सेफ्टी सॉल्यूशंस (14 करोड़) ने सुरक्षा उपकरण और रक्षा परिधानों का निर्माण शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि वहीं, कानपुर में ए.आर. पॉलिमर्स (48 करोड़) और आधुनिक मटेरियल्स एंड साइंसेज (38.58 करोड़) ने क्रमशः बैलिस्टिक मटेरियल्स और डिफेंस टेक्सटाइल्स का उत्पादन शुरू कर औद्योगिक गतिविधियों को गति दी है।

# समाज में नकली संतों का होगा अंत

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात के बाद बोले अखिलेश यादव

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की और कहा कि शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलने से समाज में फैले नकली संतों का अंत होगा। अखिलेश यादव दोपहर करीब 12:30 बजे अपने आवास से कृष्णानगर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से भेंट की।

मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि वह शंकराचार्य से आशीर्वाद लेने आए थे। उन्होंने कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरूआत से पहले शंकराचार्य का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने गोरक्षा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के समय गायों की सेवा और संरक्षण के लिए कई फैसले लिए गए थे और भविष्य में भी गायों की सेवा के लिए जो संभव होगा, वह किया जाएगा।



इस दौरान अखिलेश यादव ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद संतों को हाथ जोड़कर प्रणाम भी किया। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और पूर्व सांसद अनु टंडन भी मौजूद रहीं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को लखनऊ से गोरक्षा जनजागरण अभियान की शुरूआत की है। इससे पहले वह 8 मार्च को वाराणसी से यात्रा शुरू कर विभिन्न जिलों का दौरा करते हुए 11 मार्च को लखनऊ पहुंचे थे।

# प्रदेश में बादशाह के कंसर्ट पर रोक लगाने की मांग

## अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** गायक बादशाह के विवादित गाने टटीरी को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर गायक बादशाह के प्रदेश में होने वाले कंसर्ट को अनुमति न देने का अनुरोध किया है।

आयोग का कहना है कि गायक बादशाह की एल्बम टटीरी में महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा और आपत्तिजनक दृश्य दिखाए गए हैं। गीत में स्कूल यूनिफॉर्म पहने छात्राओं को अनुचित तरीके से प्रस्तुत किया गया है और विद्यालय जैसे पवित्र स्थान के लिए भी अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। महिला आयोग के अनुसार इससे महिलाओं की गरिमा





और सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचती है। आयोग ने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने और लुक आउट सर्कुलर जारी होने की भी जानकारी मिली है। उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि गायक बादशाह के किसी भी प्रस्तावित कार्यक्रम या शो को अनुमति न दी जाए, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए।

# अलविदा की नमाज के कारण पुराने शहर में बदला रहेगा यातायात

## सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक रहेगा बदलाव

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** अलविदा की नमाज के कारण शुक्रवार को पुराने शहर में यातायात बदला रहेगा। अलग अलग मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करेंगे। मुख्य रूप से दोपहर 12.30 बजे आसिफी मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा और दोपहर एक बजे टीले वाली मस्जिद पर नमाज अदा की जाएगी। इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस एंबुलेंस, शव वाहन, फायर ब्रिगेड और स्कूली वाहनों को निकलवाएगी।

सीतापुर रोड की तरफ से आने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रांसिग तिराहे से पक्के पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर नहीं जा सकेंगे। ये डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नंबर आठ, निरालानगर से आईटी चौराहा होकर जा सकेंगे।

पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से सामान्य यातायात पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर की नहीं जा सकेगा। यह पक्कापुल से पहले तिराहे से बंधा रोड या नया पुल होकर जाएगा। हरदोई रोड, बालागंज से आने वाला यातायात बड़े इमामबाड़े व टीले वाली मस्जिद की तरफ नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर मंदिर चौराहे से दाहिने चौक चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा होकर जा सकेगा। कोनेश्वर चौराहे से सामान्य यातायात घंटाघर होते हुए बड़ा इमामबाडा, टीले वाली मस्जिद की ओर नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर मंदिर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रॉस, शाहमीना तिराहा या नींबू पार्क चौराहे से नया पुल होकर जा सकेगा। नींबू पार्क चौराहे से सामान्य यातायात बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की तरफ नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर जाएगा। नींबू पार्क ओवरब्रिज से उतरने वाला यातायात रूमी गेट की तरफ नहीं जा सकेगा। यह चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर या चरक चौराहा होकर जाएगा। चौक तिराहा से सामान्य यातायात नींबू पार्क चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। यह कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल क्रॉस होकर जाएगा। मेडिकल क्रॉस चौराहे से यातायात फूलमंडी, खुन-खुन जी गर्ल्स कॉलेज होकर नींबू पार्क चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह मेडिकल कॉलेज चौराहा या चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएगा। शाहमीना तिराहे से सामान्य यातायात पक्कापुल की ओर नहीं जा सकेगा। यह मेडिकल कॉलेज, या डालीगंज पुल, आईटी होकर जाएगा। डालीगंज पुल चौराहे से सीतापुर रोड की ओर जाने वाली रोडवेज, सिटी बसें व अन्य वाहन पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेंगे। ये आईटी, कपूरथला, पूरनिया होकर जाएंगे।



शाहमीना तिराहे से कैसरबाग की ओर से हरदोई रोड की ओर जाने वाली रोडवेज, सिटी बसें पक्का पुल, बड़ा इमामबाडा की ओर नहीं जाएंगी। ये शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कॉलेज, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगी।

# हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं सकुशल संपन्न, 50 लाख से अधिक छात्रों ने दी परीक्षा

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं गुरुवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गईं। इस वर्ष हाईस्कूल में लगभग 24.5 लाख तथा इंटरमीडिएट में करीब 26 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के अनुसार प्रदेश के 8033 परीक्षा केंद्रों के लगभग 1.22 लाख परीक्षा कक्षों में 2.89 लाख से अधिक वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी की गई। इसके लिए जिलों में कंट्रोल रूम तथा लखनऊ में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया।

परीक्षा की निगरानी के लिए प्रयागराज स्थित परिषद मुख्यालय तथा मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर के क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाए गए। परीक्षा के दौरान 12 जिलों के 16 केंद्रों पर मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने और 11 जिलों के 17 केंद्रों पर नकल संबंधी शिकायत मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। भगवती सिंह ने बताया कि इस वर्ष प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए




विशेष इंतजाम किए गए थे। उत्तर पुस्तिकाओं को पहली बार ए-4 आकार में तैयार किया गया और उनमें क्यूआर कोड, क्रमांक, परिषद का लोगो और पृष्ठ संख्या जैसे सुरक्षा फीचर शामिल किए गए। साथ ही चार अलग-अलग रंगों की सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं तैयार की गईं। परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर नजर रखने के लिए परिषद मुख्यालय में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) गठित की गई। कुछ यूट्यूब चैनलों द्वारा पुराने या एडिटेड प्रश्नपत्रों को वायरल बताकर प्रसारित करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। सचिव ने बताया कि कड़ी निगरानी के चलते इस वर्ष प्रदेश में केवल 49 छद्म परीक्षार्थी पकड़े गए, जबकि 18 छात्र अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाए गए। सभी मामलों में कार्रवाई की गई।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक प्रदेश के 250 मूल्यांकन केंद्रों पर किया जाएगा। इसके लिए लगभग 1.53 लाख परीक्षक और कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। मूल्यांकन केंद्रों पर 24 घंटे पुलिस सुरक्षा और कड़ी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

# निकाली गई प्रतीकात्मक दांडी यात्रा, डॉ. सुधीर महादेव ने दिखाई हरी झंडी

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** लखनऊ में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक दांडी मार्च की स्मृति में गुरुवार को जन भवन से लखनऊ विश्वविद्यालय तक एक प्रतीकात्मक दांडी यात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। यात्रा को विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने जन भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पदयात्रा जन भवन परिसर से शुरू होकर लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हाल में जाकर संपन्न हुई। यात्रा से पहले जन भवन परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पदयात्रा हजरतगंज चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा, खादी आश्रम, परिवर्तन चौक और हनुमान सेतु होते हुए विश्वविद्यालय पहुंची। इस दौरान हजरतगंज और गांधी आश्रम में भी गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने कहा कि दांडी यात्रा केवल नमक कानून के विरोध का आंदोलन नहीं थी, बल्कि अन्याय के खिलाफ सत्य, साहस और जनशक्ति की अद्भुत अभिव्यक्ति थी। उन्होंने कहा कि गांधी जी के नेतृत्व में शुरू हुई इस ऐतिहासिक यात्रा ने पूरे देश में स्वतंत्रता की चेतना जगाई।

कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ. पंकज एल. जानी ने कहा कि दांडी यात्रा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 1930 को दांडी में महात्मा गांधी ने नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत की थी।

विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई ने कहा कि दांडी मार्च सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित ऐतिहासिक आंदोलन था, जिसने विश्व समुदाय को यह संदेश दिया कि भारत का स्वतंत्रता संघर्ष अहिंसक और जनआधारित है। इस अवसर पर प्रो. अरविंद मोहन (प्रभारी कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय) ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधीजी का दांडी आंदोलन केवल नमक कानून के विरोध का प्रतीक नहीं था, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी था।






जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।

CMYK